कोटद्वार, बुधवार
10 अप्रैल 2024
वर्ष: 45
अंक: 335 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# नैनीताल में खाई में गिरा वाहन, आठ की मौत, दो घायल

नैनीताल ,नैनीताल के बेतालघाट के पास सोमवार देर रात एक वाहन 150 मीटर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर सहित आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन में 10 लोग सवार थे।

बेतालघाट क्षेत्र के मल्लागांव से नेपाली मूल के मजदूरों को टनकपुर ले जा रही बोलेरो जीप गहरी खाई में गिर गई। हादसे में चालक सहित आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार रात करीब 12 बजे तक सभी आठ शव बरामद कर लिया।

देर रात ग्रामीणों ने जब गाड़ी गिरने की आवाज सुनी, तो वे मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना एसडीआरएफ के जवानों को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने सभी लोगों को खाई से बाहर निकाला। इनमें से आठ की मौत हो गई थी और दो गंभीर रूप से घायल थे। इनको स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।



सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे नेपाल के करीब दस मजदूर बेतालघाट ब्लाक मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित ऊंचाकोट से बोलेरो जीप बुक कराकर टनकपुर के लिए रवाना हुए थे। मल्लागांव के पास पहुंचने पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और वह गहरी खाई में गिर गया।

सूचना मिलते ही एंबुलेंस और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटना के शिकार चालक के अतिरिक्त सभी लोग महेन्द्रनगर, नेपाल के निवासी थे।

बेतालघाट एसओ अनीस अहमद ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। रात करीब 12 बजे तक बोलेरो चालक बेतालघाट निवासी 38 वर्षीय राजेंद्र कुमार समेत आठ शव खाई से निकाल लिए गए।

नेपाली मूल के ये मजदूर टनकपुर के लिए निकले थे। ये सभी बेतालघाट में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्य में मजदूरी करते थे।

हादसे मे घायलों की पहचान छोटू चौधरी उर्फ जनरल और शांति चौधरी पुत्र धीरज चौधरी के रूप में हुई। इसी प्रकार मृतकों की पहचान विशराम चौधरी (50), अंतराम चौधरी (40), गोपाल बसनियत (60), उदयराम चौधरी (55 ), विनोद चौधरी (30), तिलक चौधरी (45), धीरज चौधरी (45) और वाहन चालक राजेन्द्र कुमार पुत्र हरिराम के रूप में हुई।

## प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर एयरपोर्ट पर हुई सुरक्षा बैठक

ऋषिकेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बृहस्पतिवार को ऋषिकेश में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर एयरपोर्ट पर पुलिस–प्रशासन, खुफिया विभाग और संबंधित सुरक्षा एजेंसियों की बैठक हुई। प्रधानमंत्री मोदी 11 अप्रैल को दिल्ली से विशेष विमान से सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे देहरादून एयरपोर्ट पहुंचेंगे।एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री और अन्य भाजपा नेताओं की ओर से उनका स्वागत किया जाएगा।

जिसके बाद पीएम मोदी हेलिकॉप्टर से ऋषिकेश के लिए रवाना होंगे। जहां वो एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर एयरपोर्ट और ऋषिकेश में पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। एयरपोर्ट पर उनके कार्यक्रम से पहले बुधवार को रिहर्सल की जाएगी। सड़क मार्ग से फ्लीट भी दौड़ाई जाएगी। ऋषिकेश में आयोजित जनसभा को संबोधित करने के बाद मोदी वापस हेलिकॉप्टर से देहरादून एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां से वो विशेष विमान से वापस दिल्ली रवाना होंगे। एयरपोर्ट पर बैठक के दौरान एयरपोर्ट निदेशक प्रभाकर मिश्रा, एसपी इंटेलिजेंस ममता बोरा,डिप्टी सीएमओ, एसपीजी आदि के अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में अपराधी कोई भी हो, बख्शे नहीं जाएंगे: धामी

देहरादून।मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि उत्तराखंड में अपराधी कोई भी हो बिल्कुल बख्शे नहीं जाएंगे। राज्य सरकार का अपराध मुक्त उत्तराखंड बनाने का संकल्प है, जिस दिशा में पुलिस कड़े कदम उठा रही है। नानकमत्ता डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च की सुबह बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। बदमाश गोली मार कर मोटर साइकिल से फरार हो गए थे। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई थी। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने इस हत्याकांड को गंभीरता से लेते हुए गुरुद्वारा नानकमत्ता पहुंचे थे और डेरा के सदस्यों से वादा किया था कि अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



मुख्यमंत्री ने डीजीपी अभिनव कुमार को इस मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उन्होंने हत्यारों की धरपकड़ को एसआईटी गठित करने की भी हिदायत दी थी। इसके बाद पुलिस मुख्यालय ने कई टीमें गठित कर अपराधियों की धरपकड़ को जाल बिछाना शुरू किया था। सोमवार रात को इनपुट मिलने पर एसटीएफ और पुलिस ने भगवानपुर (हरिद्वार) में अपराधियों की गिरफ्तारी को कई टीमें लगाई, लेकिन पुलिस को देख बदमाशों ने फायर शुरू कर दिए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने एक बदमाश अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू को मार गिराया। पुलिस ने उस पर एक लाख रुपये का इनाम भी रखा था। मारा गया बदमाश अमृतसर (पंजाब) का रहने वाला था। उधर, मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। कानून अपने हाथ में लेने वालों को खिलाफ पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## एक नजर

### बड़ी सफलता : नकली तंबाकू बनाने वाली फैक्ट्री सील, 6 गिरफ्तार, दो करोड़ का 100 टन माल बरामद

नोएडा , नोएडा पुलिस की सीआरटी (क्राइम रिस्पांस टीम) और सेक्टर–126 थाना की पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन में कार्रवाई करते हुए दो करोड़ रूपए कीमत की 100 टन नकली तंबाकू जब्त की है। इसके साथ ही 6 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। गैंग आलू सप्लाई की आड़ में नकली तंबाकू को दिल्ली से कर्नाटक तक तीन गुना दाम पर बेचा करता था। तंबाकू की 138 बोरियों के साथ इसे सप्लाई करने वाला ट्रक और एस्कॉर्ट करने वाली एक कार बरामद की गई है। इसकी फैक्ट्री दिल्ली के वजीराबाद में थी, जिसे सील किया गया है। पुलिस के मुताबिक नकली तंबाकू की तस्करी करने वाले गिरोह का एक ट्रक और एक कार जब्त करने के साथ छह अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज सरोज, रमेश भट्टी (ट्रक चालक), सैय्यद जबी उल्ला, परम, शिवम जायसवाल और जाकिर हुसैन के रूप में हुई है।गैंग नकली तंबाकू को विकास उर्फ चाचा से खरीदकर तीन गुना दाम में ऐसे राज्यों में ले जाकर बेचते थे, जहां पर तंबाकू की बिक्री प्रतिबंधित है। गैंग के सदस्य केरल और कर्नाटक में फेमस हंस छाप तंबाकू ब्रांड की कॉपी कर पैकिंग को बनाते थे।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में के. कविता को बड़ा झटका, कोर्ट ने 23 अप्रैल तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली , दिल्ली की एक अदालत ने कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी। 14 दिन की न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर कविता को राउज़ एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा के सामने पेश किया गया। ईडी ने कहा कि अगर कविता बाहर जाती हैं तो वो गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं और सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकती हैं। कोर्ट रूम के बाहर मीडिया से बात करते हुए कविता ने कहा, यह पूरी तरह से बयान पर आधारित मामला है। यह एक राजनीतिक मामला है। यह विपक्षी दलों को निशाना बनाने का मामला है। सीबीआई पहले ही जेल में मेरा बयान दर्ज कर चुकी है। सोमवार को इसी अदालत ने उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने अपने बेटे की परीक्षा के आधार पर राहत के लिए अदालत का रुख किया था।

### इंडिया गठबंधन को राम मंदिर से पहले भी नफरत थी, आज भी है : पीएम मोदी

पीलीभीत , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने प्रभु राम का अपमान किया है। उन्हें राम मंदिर से नफरत है। इसी कारण उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकरा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पीलीभीत में भाजपा के प्रत्याशी जितिन प्रसाद के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विपक्षी गठबंधन पर पीएम मोदी जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर न बने, इसके लिए कांग्रेस ने लाख कोशिश की, लेकिन जब देश की जनता ने पाई–पाई देकर इतना भव्य मंदिर बना दिया और जब मंदिर वालों ने आपके सारे गुनाह माफ कर प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया, लेकिन आपने (कांग्रेस) आमंत्रण को ठुकरा कर भगवान राम का अपमान किया और जो नेता प्राण प्रतिष्ठा में गए, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि हमारे कल्याण सिंह जी ने राम मंदिर के लिए अपना जीवन और सरकार समर्पित कर दी। देश के हर परिवार ने अपनी–अपनी श्रद्धा के अनुसार योगदान दिया। लेकिन इंडी गठबंधन वालों को राम मंदिर के निर्माण से पहले भी नफरत थी और आज भी नफरत है। पीएम मोदी ने कहा कि पीलीभीत की धरती पर माता यशवंतरी देवी का आशीर्वाद है। यहां आदि गंगा मां गोमती का उद्गम स्थल है। आज नवरात्रि के पहले दिन मैं देश को ये भी याद दिला रहा हूं कि कैसे इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है।

# 13 अप्रैल को चुनावी हुंकार भरने उत्तराखंड पहुंचेंगी प्रियंका गांधी



देहरादून।कांग्रेस के प्रचार अभियान को तेज करने के लिए प्रियंका गांधी 13 अप्रैल को उत्तराखंड पहुंचेंगी। प्रियंका हरिद्वार और पौड़ी जिले में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगी। कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में राहुल गांधी की चुनावी रैली का कार्यक्रम अभी तक तय नहीं हुआ है।

उत्तराखंड लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से कांग्रेस का कोई प्रमुख राष्ट्रीय नेता अब तक प्रचार को उत्तराखंड में नहीं आया। घोषणा से पूर्व जरूर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देहरादून में सभा की थी।

कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी ने कहा कि प्रियंका गांधी का चुनाव प्रचार कार्यक्रम फाइनल हो गया है।

### रामनगर और रुड़की में होंगी प्रियंका की जनसभा

कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी की उत्तराखंड में प्रस्तावित जनसभाएं तय हो गई हैं। प्रियंका 13 अप्रैल को पहले गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के रामनगर और इसी दिन दोपहर बाद हरिद्वार संसदीय क्षेत्र के रुड़की में जनसभा संबोधित करेंगी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी दिनांक 13 अप्रैल को गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी गणेश गोदियाल के समर्थन में रामनगर और हरिद्वार संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी विरेन्द्र सिंह रावत के समर्थन में रूड़की में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगी। जोशी ने बताया कि प्रियंका गांधी इस दिन पहले प्रातः 11: 50 बजे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ग्राउंड, रामनगर (नैनीताल) में जनसभा करेंगी, इसके बाद वो अपरान्ह तीन बजे डीएवी ग्राउंड रुड़की (हरिद्वार) में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगी।

इसके बाद वो यहीं से नई दिल्ली को प्रस्थान कर देंगी। मथुरादत्त जोशी ने बताया कि प्रियंका गांधी की चुनावी जनसभा की तैयारी के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जोरदार तैयारियां शुरू की दी हैं। इन चुनावी जनसभाओं में दोनों लोकसभा क्षेत्रों के हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से इन चुनावी जनसभाओं को सफल बनाने की अपील की है।

## नवरात्र में सोने–चांदी की खरीद पर महंगाई की मार

देहरादून।सोने और चांदी की कीमतों में रिकार्ड तेजी जारी है। सोने की कीमतों में रोजाना प्रति तोला औसतन पांच सौ से आठ सौ रुपये की बढ़ोतरी हो रही है। इसवक्त सोने की कीमतें(24 कैरेट) 73,200 रुपये तोला पहुंच गई हैं, वहीं चांदी 83,900 रुपये किलो हो गया है। नवरात्र की शुरुआत के साथ लोग आभूषण खरीदने के लिए बाजार आने लगे हैं। मई में अक्षय तृतीय का पर्व हैं, लिहाजा इस दौरान आभूषणों की बिक्री बढ़ेगी। लेकिन सोने और चंदी की कीमतों में रोजाना हो रही बढ़ोतरी से आम लोग परेशान हैं। सर्राफा कारोबारी गौरव रस्तोगी ने बताया कि मान लीजिए जो सोने का आभूषण एक माह पहले दो लाख रुपये का था, आज उसकी बिक्री 2.25 लाख रुपये में हो रही है। उन्होंने बताया कि एक माह में सोना आठ हजार रुपये तोला तक महंगा हुआ है। अनुमान है कि सोने की कीमतें 80 हजार रुपये तोला तक बढ़ेंगी।

# आज खुलेंगें गंगोत्री– यमुनोत्री धाम के कपाट

उत्तरकाशी।गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट इस वर्ष 10 मई 2024 को खुलेंगें। नवरात्र के शुभ अवसर पर विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट खुलने का शुभ मुहूर्त निकाला गया। जिसमें अक्षय तृतीय पर 12 बजकर 25 मिनट पर विधिवत पूजा–अर्चना के बाद गंगोत्री धाम के कपाट देश विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शनाथ खोल दिए जाएंगे। वहीं यह पहला अवसर होगा जब मां गंगा जांगला से गंगोत्री तक रथ पर सवार होकर निकलेगी। तीर्थ पुरोहित सुरेश सेमवाल ने बताया की सनातनी गंगा फाउंडेशन की ओर से इस वर्ष रथ दान किया है। जिस पर मां गंगा की उत्सव डोली जांगला से गंगोत्री तक बैठकर जाएगी।गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल ने बताया कि मां गंगा की उत्सव डोली 9 मई को अपने शीतकालीन प्रवास मुखबा से दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर गंगोत्री धाम के लिए प्रस्थान करेगी,



जो रात्रि को भैरों घाटी में विश्राम करेगी। 10 मई को मां गंगा की डोली सुबह दस बजे तक गंगोत्री धाम पहुंचेगी। जहां विधिवत पूजा अर्चना के बाद अभिजीत मुहूर्त में अमृत बेला पर 12 बजकर 25 मीनट पर गंगोत्री धाम के कपाट दर्शनार्थ खोल दिए जायेंगे। इसके बाद अगले छह माह तक गंगोत्री धाम में ही श्रद्धालु दर्शन के भागी बन सकेंगे।वहीं दूसरी ओर 10 मई को ही यमुनोत्री धाम के कपाट भी अक्षय तृतीया के पर्व पर खोले जायेंगे। जिसके लिए यमुना जयंती पर कपाट खुलने का समय व मुहूर्त तय किया जाएगा।

# बाबा तरसेम का हत्यारा पुलिस मुठभेड़ में ढेर

देहरादून । उधम सिंह नगर के नानकमत्ता गुरुद्वारा के बाबा तरसेम सिंह की हत्या में वांछित ईनामी बदमाशों में से एक को पुलिस ने सोमवार की देर रात मुठभेड़ में मार गिराया जबकि दूसरा बदमाश भागने में सफल रहा।यह जानकारी पत्रकारों के साथ साझा करते हुए राज्य के पुलिस प्रमुख अभिनव कुमार ने बताया कि कल देर शाम एसटीएफ टीम उत्तराखंड द्वारा एसएसपी हरिद्वार को उधम सिंह नगर के नानकमत्ता गुरुद्वारा के बाबा तरसेम सिंह की हत्या में वांछित ईनामी बदमाशों के सहारनपुर से हरिद्वार भगवानपुर कलियर होकर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश जाने की गुप्त सूचना दी गई। जिस पर पूरे हरिद्वार जनपद में जगह–जगह एसटीएफ टीमों के साथ संयुक्त रूप से सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान समय लगभग 12:30 बजे रात्रि मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना भगवानपुर क्षेत्रांतर्गत गागलहेडी तिराहे में चैकिंग पॉइंट पर मोटरसाइकिल से आ रहे दो संदिग्ध बदमाशों को ड्यूटी पर मौजूद पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो दोनों बदमाश रोकने पर नहीं रुके और पुलिस टीम से बचते हुए तेजी से भगवानपुर से इमलीखेड़ा–कलियर की तरफ भागे जिस पर कलियर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मार्ग में रोकने पर छंगा माजरी तिराहे से छंगा माजरी गांव की ओर मुड़ गए जहां कुछ दूरी पर



तत्काल पुलिस टीमों द्वारा चौतरफा इन दोनों बदमाशों को घेर लिया गया जिस पर इनके द्वारा पुनः हाईवे की तरफ जाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस से घिर जाने पर इन बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायर किया गया जिस पर पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया जिसकी सरगर्मी से तलाश जारी है। घायल बदमाश को तुरंत सिविल अस्पताल रुड़की भिजवाया गया जहां डॉक्टर द्वारा उसको मृत घोषित कर दिया गया। एसटीएफ टीम द्वारा तस्दीक करने पर मृतक बदमाश का नाम अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र सुरेंद्र सिंह पता फतेहगढ़ चूड़ियां रोड नगलीभट्टा अमृतसर पंजाब है जो एक लाख का इनामी था और उधमसिंह नगर के नानकमत्ता गुरुद्वारे के बाबा तरसेम सिंह की हत्या में वांछित था। पुलिस टीम द्वारा दुर्दांत बदमाश को साहस का परिचय देते हुए पुलिस मुठभेड़ में मार गिराने पर आमजन द्वारा पुलिस टीम की सराहना की गई। मृतक ईनामी अभियुक्त का नाम अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र सुरेंद्र सिंह पता–फतेहगढ़ चूड़ियां रोड, नगलीभट्टा, अमृतसर, पंजाब। उम्र लगभग 48 वर्ष है। इसने दिनांक 28.03.2024 को थाना नानकमत्ता क्षेत्र में अपने साथी सरबजीत के साथ डेरा कार सेवा नानकमत्ता के प्रधान बाबा तरसेम के ऊपर रायफल से गोली चलाकर हत्या व बाबा के सेवादार के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर करना जिस सम्बन्ध में थाना नानकमत्ता में मुकदमा पंजीकृत है ।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामला: ईडी ने चेन्नई समेत 25 ठिकानों पर की ताबड़तोड़ छापेमारी

चेन्नई ,प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को डीएमके के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और अन्य के खिलाफ नशीली दवाओं की तस्करी से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत तमिलनाडु के कई शहरों में छापा मारा है। उन्होंने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के साथ ईडी अधिकारी राज्य की राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में 25 परिसरों की तलाशी ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सादिक, जो तमिल फिल्मों के निर्माता भी हैं, फिल्म निर्देशक अमीर और कुछ अन्य के परिसरों को कवर किया जा रहा है। सादिक (36 वर्ष) को बीते माह नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 2,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कीमत वाली लगभग 3,500 किलोग्राम स्यूडोएफ़ेड्रिन की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया था।

ईडी ने सादिक और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज करने के लिए इस एनसीबी मामले और कुछ अन्य एफआईआर का संज्ञान लिया है।

# उत्तराखंड लोस चुनाव 2024 में इस उम्मीदवार का सबसे ज्यादा खर्चा

### खर्चों का ब्योरा जान उड़ेंगे होश

देहरादून।उत्तराखंड लोससभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को लुभाने के लिए उम्मीदवार एड़ी चोटी का जोर लगा रहा हैं। चुनावी रैली से लेकर प्रचार–प्रसार के लिए प्रत्याशी जमकर पैसा भी बहा रहे हैं। उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर बीजेपी, कांग्रेस, निर्दलीय सहित अन्य राजनीतिक दलों से 55 प्रत्याशियों के बीच चुनावी जंग जारी है। इसी के बीच, लोकसभा चुनाव लड़ रहे इस प्रत्याशी का चुनावी खर्चा सभी प्रत्याशियों से कहीं अधिक है। टिहरी लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों में से अब तक भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने सबसे ज्यादा खर्च किया है। वह अब तक 52 लाख रुपये से ज्यादा खर्च कर चुकी हैं। हालांकि उन्होंने 4.74 लाख का ही खर्चा दिखाया है। दूसरे नंबर पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला रहे हैं, जिन्होंने तेरह लाख रुपये से अधिक रुपये प्रचार पर खर्च किए हैं। निर्वाचन आयोग ने विभिन्न टीमों की ओर से जुटाए रिकॉर्ड के आधार पर चुनाव खर्च निकाला। आयोग के मुताबिक, भाजपा प्रत्याशी



माला राज्य लक्ष्मी शाह ने 52 लाख 67 हजार 579 रुपये खर्च किए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला ने 13 लाख 47 हजार 590 रुपये खर्च किए हैं। निर्दलीय उम्मीदवार बॉबी पंवार ने 6 लाख 93 हजार 969 रुपये खर्च किए हैं। पीपल पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के रामपाल सिंह ने 2 लाख 35 हजार 219, बीएसपी के नेम चंद ने तीन लाख 31 हजार 88 रुपये, राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी के नवनीत गुसाईं ने 63900 रुपये, निर्दलीय प्रेम दत्त सेमवाल ने 66300, निर्दलीय विपिन कुमार अग्रवाल ने 25,500 रुपये का बजट खर्च किया है। चुनाव खर्च को लेकर बैठक में निर्दलीय सरदार खान, सुदेश तोमर, भारतीय राष्ट्रीय एकता दल के ब्रज भूषण करनवाल गैरहाजिर रहे।

## अरविंद केजरीवाल को हाईकोर्ट से बड़ा झटका

नई दिल्ली , दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति–2021–22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उनकी हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने केजरीवाल की याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए ईडी द्वारा उन्हें (केजरीवाला) गिरफ्तार करने और फिर विशेष अदालत के निर्देश पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में भेजने के आदेश को वैध ठहराते हुए इस मामले में हस्तक्षेप करने से स्पष्ट तौर पर इनकार कर दिया।

उच्च न्यायालय की एक पीठ ने कहा कि ईडी की ओर से अदालत के समक्ष पेश दस्तावेजों से प्रथम दृष्टया पता चलता है कि आरोपी केजरीवाल उक्त आबकारी नीति तैयार करने की साजिश रचने में शामिल थे और इस रची गई साजिश से प्राप्त आय का उन्होंने इस्तेमाल किया है। एकल पीठ ने कहा कि केजरीवाल व्यक्तिगत तौर पर उस नीति को बनाने और रिश्वत मांगने में भी कथित तौर पर शामिल थे। उच्च न्यायालय ने इससे पहले तीन अप्रैल को दोनों पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

केजरीवाल ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा अपनी गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी गिरफ्तारी लोकतंत्र, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और समान अवसर सहित संविधान की मूल संरचना का ‘उल्लंघन’ है। इसलिए उनकी गिरफ्तारी को अवैध घोषित किया जाना चाहिए।

# चुनाव लड़ लो लेकिन वोट नहीं डालने देंगे...

देहरादून । जेल में बंद कैदी या बंदी चुनाव तो लड़ सकते हैं लेकिन अपने मताधिकार का प्रयोग करके किसी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान नहीं कर सकते हैं। जन प्रतिनिधित्व कानून,1951 की धारा 62 (5) के अनुसार, न्यायिक आदेश से जेल में बंद या पुलिस अभिरक्षा में होने वाले व्यक्ति को वोट देने का अधिकार नहीं है।

राज्य की 10 सामान्य जेलों में 6732 कैदी और बंदी बंद हैं। ये कैदी/बंदी आगामी 19 तारीख को प्रदेश की पांच सीटों के लिए होने वाले मतदान में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

हालांकि, जेल में बंद ऐसे व्यक्ति जो नजरबंद हैं या जिन पर एनएसए के तहत कार्रवाई हुई है, उन्हें मतदान का अधिकार है। इसके अलावा, गुंडा एक्ट और शांतिभंग की 107–116 और 151 की धाराओं में बंद कैदियों को भी वोट देने का अधिकार है। पड़ताल में पता चला है कि हल्द्वानी और नैनीताल जेल में ऐसे कैदी नहीं हैं।

### 2014 में जेल बंद एक व्यक्ति ने वोट देने का अधिकार मांगा था

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान एक मामले में जेल में बंद एक व्यक्ति ने मतदान करने की अनुमति मांगी थी। तत्कालीन मुख्य निर्वाचन अधिकारी राधा रतूड़ी ने आईजी जेल से रिपोर्ट तलब की थी। आईजी जेल ने एक्ट का हवाला देकर वोटिंग का अधिकार नहीं होने की बात कही थी।



### कहां कितने कैदी और बंदी

| कारागार | बंदी/कैदी |
| --- | --- |
| उप कारागार हल्द्वानी | 1571 |
| जिला कारागार देहरादून | 1499 |
| जिला कारागार हरिद्वार | 1340 |
| केंद्रीय कारागार सितारगंज | 845 |
| उप कारागार रुड़की | 439 |
| जिला कारागार अल्मोड़ा | 354 |
| जिला कारागार टिहरी | 198 |
| जिला कारागार पौड़ी | 168 |
| जिला कारागार नैनीताल | 142 |
| जिला कारागार चमोली | 128 |
| संपूर्णानंद शिविर सितारगंज | 48 |

**दिल्ली हाईकोर्ट भी कर चुका है टिप्पणी**

2019 में दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रवीण कुमार चौधरी बनाम चुनाव आयोग मामले में कहा था कि मतदान का अधिकार कानूनी है औरकैदी चुनाव में वोट नहीं कर सकता है। कोर्ट ने माना कि वोट का अधिकार लोकतंत्र का मूल अधिकार है लेकिन कुछ आधारों पर इस अधिकार से वंचित भी किया जा सकता है। इस टिप्पणी के साथ ही कोर्ट ने धारा 62 (5) को उचित ठहराया था।

**जेल में रहकर 2004 में चुनाव लड़ा था डॉन**

अंडरवर्ल्ड माफिया डॉन ओम प्रकाश श्रीवास्तव "बबलू" 2004 में लोकसभा चुनाव लड़ा था। उस समय वह सलाखों के पीछे था। सीतापुर से अपना दल के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरा बबलू बरेली के सेंट्रल जेल में बंद था। कोर्ट से अनुमति के बाद बबलू ने कड़े पुलिसिया पहरे में सीतापुर आकर नामांकन किया था। इस चुनाव में बबलू हार गया था।

**स्पेन, स्वीडन में कैदी डाल सकते हैं वोट**

इंग्लैंड, ऑस्ट्रिया, रूस जैसे देशों में कैदियों को मतदान की इजाजत नहीं है। इसके उलट स्पेन, स्वीडन, स्विटजरलैंड और फिनलैंड में कैदियों को वोट देने की आजादी है। इटली और ग्रीस जैसे देशों में आजीवन कारावास काट रहे कैदियों को छोड़कर सभी कैदियों को मतदान करने का अधिकार प्राप्त है।

## संपादकीय

# स्थानीय उत्पादन पर फोकस

राज्य गठन के बाद उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की कोशिश सभी सरकारों द्वारा की गई और इसके काफी अपेक्षित परिणाम भी मिले हैं। हालांकि जिस स्तर पर उत्तराखंड के परंपरागत उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराया जाना था वह नहीं हो सका। इधर राज्य सरकार इस विषय को लेकर गंभीर नजर आने लगी है जिसके तहत अब उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों मार्केटिंग, ब्रांडिंग और पैकेजिंग के लिए बनाए गए हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के दिल्ली, मुंबई में एक्सपेरिमेंटर सेंटर (अनुभवात्मक केंद्र) खोले जाने पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। उत्तराखंड में अभी भी फल, सब्जी या फिर दूसरे स्थानीय उत्पादों का उत्पादन उस मात्रा में नहीं होता है जो की एक विकसित उद्योग का रूप ले सके, लेकिन यदि सरकार इस दिशा में गंभीरता से कदम उठाती है तो आने वाले वर्षों में उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादन राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं। उत्तराखंड में मौसम की विषम परिस्थितिया यहां की खेती व फल संरक्षण से संबंधित बातों पर असर डालती है। अथक प्रयासों के बाद भी फसलें उस स्तर पर विकसित नहीं हो पाती जो वृहद तौर पर बाजार में उतारी जा सके। बावजूद इसके जिस प्रकार से लोग उत्तराखंड के परंपरागत उत्पादों को विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं वह उत्साहित करने वाला है। जरूरत है तो केवल एक ठोस नीति की जो एक अच्छा बाजार उत्पादकों को उपलब्ध करा सके। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक ऐसे विकसित बाजार की जरूरत है जहां नियमित तौर पर इन उत्पादों को उपलब्ध कराया जा सके। इसी थीम के चलते सरकार अब उत्तराखंड के सभी एयरपोर्ट और होटलों में उत्पादों के काउंटर स्थापित करने की तैयारी कर रही है। बाजार में उपलब्ध अब तक उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादकों के अलावा नए प्रयासों के तहत हिमालय उत्पादों की शृंखला में टिमरू इत्र को भी शामिल किया जाएगा। हिमालय ब्रांड के तहत अभी तक झंगोरा, मंडुवा, चौलाई, भट्ट, गहत, तोर दाल, चकराता राजमा, जोशीमठ की चित्रा राजमा, हर्षिल व मुन्स्यारी की राजमा, शहद, हल्दी को चयनित किया गया है। उत्तराखंड में पर्यटन की दिशा में कार्य करने वाली एजेंसी गढ़वाल मंडल विकास निगम के कार्यालय में भी हाउस ऑफ हिमालय के एक्सपेरिमेंटर सेंटर स्थापित होंगे और इसी तर्ज पर इसके बाद दिल्ली व मुंबई में भी इसी तरह के सेंटर बनाए जाएंगे। आज जरूरत है उत्तराखंड के स्थानीय लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की जिसमें उत्तराखंड के पहाड़ों में पैदा होने वाले ऐसे उत्पाद जो अब तक ग्रामीण अपने प्रयोग के लिए ही पैदा किया करते थे उन्हें व्यापक तौर पर बाजार में उतारने की जरूरत है। पहाड़ों की विषम परिस्थितियों को देखते हुए राज्य सरकार को पहाड़ों में होने वाली खेती को बढ़ावा देना चाहिए जिसके तहत सिंचाई, ऋण योजना, उत्पादन के वितरण की व्यवस्था व लघु उद्योग से संबंधित सुविधाओं को शामिल किया जा सकता है। सरकार की यह एक बेहतरीन पहल है कि प्रदेश में स्थापित ग्रोथ सेंटरों को हाउस ऑफ हिमालय के वेंडर के रूप में प्रयोग किया जाएगा, ताकि किसान वी उत्पादकों को वितरण व मार्केटिंग के लिए एक सरल प्लेटफार्म उपलब्ध हो सके।

# बड़ी टेक कंपनियों की परीक्षा

**आयोग खासतौर पर अल्फाबेट के उन नियमों पर गौर कर रहा है जो गूगल प्ले के संचालन तथा गूगल सर्च की खुद को वरीयता देने तथा ऐप स्टोर में ऐपल के संचालन के साथ–साथ सफारी के लिए स्क्रीन के चयन तथा मेटा के ह्यभुगतान या सहमति मॉडलह्न पर गौर कर रहा है। इसके अलावा आयोग ने वैकल्पिक ऐप स्टोरों के लिए ऐपल के नए शुल्क ढांचे तथा एमेजॉन की रैंकिंग व्यवस्था को लेकर भी जांच आरंभ की है। डीएमए ने बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को गेटकीपर की अर्हता देने के लिए एक खास लक्ष्य मानक तय किया है। गेटकीपर की आर्थिक स्थिति मजबूत होनी चाहिए, उसका बाजार पर अच्छा खासा असर होना चाहिए और उसे यूरोपीय संघ के कई देशों में सक्रिय होना चाहिए।**

डिजिटल मार्केट अधिनियम (डीएमए) के प्रवर्तन के कुछ सप्ताह बाद यूरोपीय आयोग ने गूगल, मेटा, एमेजॉन और ऐपल की जांच शुरू की है। यह जांच निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी डिजिटल मार्केट तैयार करने के लिए जरूरी अहम सिद्धांतों का पालन नहीं करने के आरोपों के कारण की जा रही है। ये जांच किसी न किसी रूप में ऐतिहासिक घटना साबित होगी क्योंकि जिन कंपनियों की जांच की जा रही है वे वैश्विक स्तर पर दबदबा रखने वाली कंपनियां हैं।

आयोग खासतौर पर अल्फाबेट के उन नियमों पर गौर कर रहा है जो गूगल प्ले के संचालन तथा गूगल सर्च की खुद को वरीयता देने तथा ऐप स्टोर में ऐपल के संचालन के साथ–साथ सफारी के लिए स्क्रीन के चयन तथा मेटा के ह्यभुगतान या सहमति मॉडलह्न पर गौर कर रहा है। इसके अलावा आयोग ने वैकल्पिक ऐप स्टोरों के लिए ऐपल के नए शुल्क ढांचे तथा एमेजॉन की रैंकिंग व्यवस्था को लेकर भी जांच आरंभ की है।

डीएमए ने बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को ह्यगेटकीपरह्न की अर्हता देने के लिए एक खास लक्ष्य मानक तय किया है। गेटकीपर की आर्थिक स्थिति मजबूत होनी चाहिए, उसका बाजार पर अच्छा खासा असर होना चाहिए और उसे यूरोपीय संघ के कई देशों में सक्रिय होना चाहिए।

उसे एक मजबूत मध्यवर्ती होना चाहिए, उसे कई तरह के व्यापारों में व्यापक उपयोगकर्ताओं से संबद्ध होना चाहिए और उसे बीते तीन वित्त वर्षों के दौरान इन सभी मानकों पर खरा होना चाहिए। अल्फाबेट, एमेजॉन, ऐपल, बाइटडांस, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट छह वैश्विक दिग्गज कंपनियां हैं जिन्हें गेटकीपर के रूप में तैयार किया गया है।

डीएमए ने गेटकीपरों से मांग की थी कि वे 7 मार्च तक उसके नियमों का पालन सुनिश्चित करें। आयोग का मानना है कि अल्फाबेट और ऐपल के उपाय वित्तीय शुल्कों समेत विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध और सीमाएं लगाने वाले हैं जो डेवलपरों की स्वतंत्र रूप से संचार और पेशकश को बढ़ावा देने तथा सीधे अनुबंध समाप्त करने की क्षमता को बाधित करते हैं।

आयोग यह जांच कर रहा है कि गूगल सर्च जो गूगल शॉपिंग, गूगल फ्लाइट, गूगल होटल आदि को प्रमुखता से दिखाता है, क्या वह प्रतिद्वंद्वी सेवाओं पर खुद को प्राथमिकता देता है? वह ऐपल के मामले में इस बात की भी जांच कर रहा है कि क्या वह उपयोगकर्ताओं को आसानी से सॉफ्टवेयर हटाने देता है, आईओएस की डिफॉल्ट सेटिंग बदलने देता है और उपयोगकर्ताओं को अपनी पसंद की स्क्रीन चुनने देता है जो उन्हें यह इजाजत देता है कि वे अपने आईफोन पर वैकल्पिक ब्राउजर या सर्च इंजन का इस्तेमाल कर सकें।

मेटा के मामले में आयोग इस बात की जांच कर रहा है कि क्या यूरोपीय संघ के उपयोगकर्ताओं के लिए हाल ही में शुरू किया गया ह्यभुगतान या सहमतिह्न मॉडल डीएमए का अनुपालन करता है जिसके लिए गेटकीपरों को उपयोगकर्ताओं की सहमति पाने की जरूरत होती है, तब जबकि वे विभिन्न प्लेटफॉर्म सेवाओं पर निजी डेटा को संयुक्त रूप से इस्तेमाल करना चाहते हों या उनका परस्पर इस्तेमाल करना चाहते हों।

मेटा का यह द्वैत मॉडल शायद सहमति नहीं देने वालों को सही विकल्प नहीं देता हो। एमेजॉन अपने निजी ब्रांड को तरजीह देता साबित हो सकता है और ऐपल का नया शुल्क ढांचा तथा वैकल्पिक ऐप स्टोरों के लिए अन्य नियम एवं शर्तें डीएमए दायित्वों का विरोधाभासी हो सकता है।

आयोग कंपनी के वैश्विक कारोबार के 10 फीसदी तक का जुर्माना लगा सकता है और उल्लंघन दोहराए जाने पर यह 20 फीसदी तक हो सकता है। अतिरंजित हालात में वह गेटकीपरों को कारोबार को बेचने या संबंधित सेवाओं का अधिग्रहण रोकने की इजाजत दे सकता है। डीएमए बड़े डिजिटल एकाधिकार के लिए एक खरी जांच की तरह है।

अक्सर इन्हें ह्यस्वाभाविकह्न एकाधिकार माना जाता है जहां उपयोगकर्ता एक ही सर्च इंजन, ऑनलाइन स्टोर या सोशल मीडिया प्लेट-फॉर्म में रुचि लेता है। एक बार जब प्लेटफॉर्म बड़ा हो जाता है तो इसे नेटवर्क प्रभाव का लाभ मिलता है। लेकिन रसूखदार कंपनियों का प्रतिस्पर्धी विरोधी रुख भी प्रतिस्पर्धा को दबाता है।

यूरोपीय संघ एक बड़ा और आकर्षक बाजार है और बड़ी से बड़ी कंपनियों को डीएमए के अनुपालन के लिए विवश कर सकता है। जांच के नतीजों के आधार पर डीएमए अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे ही प्रावधान ला सकता है। इससे सुनिश्चित होने वाली प्रतिस्पर्धा से नवाचार बढ़ेगा जो उपभोक्ताओं और उद्यमियों दोनों के लिए लाभदायक होगा।

# दलबदलू नेताओं पर भी जताया टीएमसी व भाजपा ने भरोसा

**विनय ठाकुर**



पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा इस बार फूंक–फूंक कर कदम रख रही है। दोनों ही पार्टियां कुछ सीटों पर उम्मीदवारों के चयन में अनुभवी नेताओं की बजाय दलबदलुओं पर भरोसा जताने की रणनीति अपना रही हैं। इससे पार्टी के वफादार समर्थकों में असंतोष पैदा हो रहा है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने अपने 42 उम्मीदवारों की सूची में चार दलबदलुओं को शामिल किया है जो या तो अन्य पार्टियों के निर्वाचित प्रतिनिधि हैं या हाल के वर्षों में पार्टी में शामिल हुए हैं। पार्टी की उम्मीदवार सूची में तीन अन्य नाम ऐसे हैं जो वर्तमान में टीएमसी के सांसद या विधायक हैं लेकिन उनका भी विभिन्न दलों से जुड़े रहने का इतिहास रहा है। भाजपा ने इसके विपरीत अब तक घोषित 40 प्रत्याशियों में पांच दलबदलुओं को जगह दी है। दावा, जीतने की क्षमता के चलते दिया टिकटः तृणमूल और भाजपा ने अपने फैसलों को सही ठहराते हुए जीतने की क्षमता और राजनीतिक रणनीति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। दूसरे दलों से आए लोगों को खड़ा करने के कारण तृणमूल कांग्रेस और भाजपा दोनों के खिलाफ कुछ क्षेत्रों में विरोध और असंतोष शुरू हो गया है। दलबदलुओं को उम्मीदवार बनाने से जुड़े जोखिमों को स्वीकार करते हुए दोनों पार्टियों के नेता कहते हैं कि उनकी निष्ठा की कोई गारंटी नहीं है। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर रॉय ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हमारे पास उम्मीदवार के रूप में सक्षम नेताओं की कमी है। राजनीति में अनेक पहलुओं पर विचार किया जाना चाहिए। जीतने की क्षमता और पार्टी की रणनीति सर्वोपरि है।

### नए चेहरो को तरजीह

तृणमूल कांग्रेस ने निवर्तमान सांसदों में से 16 को फिर से उम्मीदवार बनाया है, लेकिन सात को मैदान में नहीं उतारा। इस बार उम्मीदवार सूची में 26 नए चेहरे हैं जिनमें 11 राजनीति में नए हैं। पिछली बार चुनाव हारे नेताओं को दूर रखा है।

### मैदान में उतारे दलबदलू

तृणमूल की ओर से मैदान में उतारे गए दलबदलुओं में विश्वजीत दास, मुकुटमणि अधिकारी और कृष्ण कल्याणी प्रमुख हैं, जो क्रमशः बनगांव, राणाघाट और रायगंज लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। बैरकपुर से भाजपा सांसद अर्जुन सिंह दो साल पहले तृणमूल में शामिल होने के बाद पिछले महीने भगवा खेमे में लौट आए थे। उनको फिर से पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। तृणमूल कांग्रेस के दिग्गज विधायक तापस राय उम्मीदवार चयन को लेकर असहमति के कारण भाजपा में शामिल हो गए और पार्टी ने उन्हें कोलकाता उत्तर से मैदान में उतारा है। शुभेंदु अधिकारी के छोटे भाई सौमेंदु अधिकारी भी तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए और पार्टी के उम्मीदवार हैं।

# कानूनी सख्ती से ही थमेंगी बाल तस्करी की घटनाएं

**सुरेश राजपूत**

बाल तस्करी के खिलाफ कई सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद भारत में यह समस्या नासूर बनती जा रही है। दिल्ली में सीबीआइ की छापेमारी के दौरान अस्पताल से नवजात बच्चे चुराने वाले गिरोह के पर्दाफाश से फिर यह तथ्य उभरा है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों में कानून का कोई खौफ नहीं है। बच्चों की तस्करी पर भारी जुर्माने के साथ उम्रकैद तक का प्रावधान होने के बावजूद यह कड़वी हकीकत है कि ऐसे दस फीसदी से भी कम मामले दोषियों को सजा तक पहुंच पाते हैं। मुकदमों की पैरवी सही तरीके से नहीं होने के कारण अपराधी बच निकलते हैं और वे फिर बाल तस्करी में लिप्त हो जाते हैं।

बाल तस्करी की कोई एक वजह नहीं है। लेकिन चिंता की बात यह भी है कि देश में युवाओं के एक वर्ग की सोच में बदलाव भी परोक्ष रूप से बाल तस्करी को बढ़ावा दे रहा है। एक सर्वे में खुलासा हुआ था कि भारत के नौ फीसदी युवा शादी तो करना चाहते हैं लेकिन बच्चे नहीं पैदा करना चाहते। संतान सुख के लिए उन्हें बच्चे खरीदने से परहेज नहीं है। हैरत की बात यह है कि देश के ढाई करोड़ से ज्यादा अनाथ बच्चों में से किसी को गोद लेने का विकल्प होने के बावजूद ऐसे युवा कई बार बाल तस्करी करने वालों से संपर्क तक साध लेते हैं। बाल तस्करी की गंभीर समस्या पर हमारा ध्यान तभी जाता है, जब किसी गिरोह का पर्दाफाश होता है या बाल तस्करी को लेकर कोई रिपोर्ट जारी होती है। पिछले साल एक एनजीओ की रिपोर्ट में बताया गया था कि 2016 से 2022 के बीच बाल तस्करी के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए, जबकि आंध्र प्रदेश और बिहार क्रमशः दूसरे, तीसरे नंबर पर थे। इस अवधि में मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना में भी कई मामले दर्ज हुए। पिछले साल संसद में पेश राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2021 में हर दिन औसतन आठ बच्चों की तस्करी हुई। देश के ही भीतर यह तस्करी होती है लेकिन संगठित गिरोह कुछ बच्चों की खाड़ी और दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों में भी तस्करी करते हैं। एनसीआरबी के मुताबिक 2019 से 2021 के बीच देश में 18 साल से कम उम्र की 2.51 लाख लड़कियां लापता हुईं। इनमें से ज्यादातर मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ और ओडिशा की थीं। बाल तस्करी की समस्या से भारत ही नहीं, कई दूसरे देश भी जूझ रहे हैं। सरकार और समाज को इससे मिलकर निपटना होगा। इस समस्या की जड़ में गरीबी भी है। इसे ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यावहारिक और ठोस नीति बनाई जानी चाहिए कि बाल तस्करी के समूल उन्मूलन की जमीन तैयार हो सके।

# मराठा समुदाय के तेवर तय कर सकते हैं उम्मीदवारों का भविष्य

**राम दिनेश यादव**

देश के दूसरे सबसे बड़ी आबादी वाले प्रदेश महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव को लेकर महासंग्राम मचा हुआ है। यहां शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेतृत्व वाली महाविकास आघाडी और भाजपा नेतृत्व वाली महायुति के बीच कांटे की टक्कर होगी। इस लड़ाई में कई महत्त्वपूर्ण फैक्टर भी काम करेंगे, जिनमे से एक महत्त्वपूर्ण फैक्टर है मराठा समाज। राज्य में मराठा समुदाय 33 प्रतिशत से अधिक है। आरक्षण की मांग को लेकर पिछले कई वर्षों से यह समाज आंदोलन कर रहा है। इस वर्ग को कई बार आरक्षण देने का प्रयास तत्कालीन राज्य सरकारों ने किया लेकिन कोर्ट में उनका मामला टिक नहीं पाया। इस बार भी जब प्रदेश में एकनाथ शिंदे की सरकार आई तो उसके कुछ दिनों बाद ही मराठा आरक्षण का जिन्न जाग गया और मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन भी शुरू हो गया। इस आंदोलन में मनोज जारांगे पाटिल हीरो बनकर उभरे। शिंदे सरकार ने मराठाओं की कुछ मांगों को तो स्वीकार कर लिया लेकिन कुछ को लेकर मुकर गईं। इस वजह से मराठा समाज के कुछ लोग सरकार से खफा हैं। आरोप–प्रत्यारोप के चलते राजनीतिक दलों और मराठा समाज के बीच तनाव बढ़ गया है। इसका असर इस लोकसभा चुनाव में पड़ेगा। दिलचस्प बात यह है कि मराठा समाज किस दल से खफा है और किसके साथ है, यह किसी को समझ में नहीं आ रहा है।

भाजपा के साथ शिवसेना (एकनाथ शिंदे) गुट, एनसीपी अजित पवार गुट, राष्ट्रीय समाज पार्टी महायुति गठबंधन में शामिल होकर लड़ रहे हैं। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के साथ कांग्रेस व एनसीपी (शरद चंद्र पवार) गठबंधन में शामिल हैं।

### पाटिल पर है नजर

फिलहाल सबकी नजर लोकसभा चुनाव को लेकर मनोज जारांगे पाटिल की भूमिका पर टिकी है। पिछले वर्ष सितंबर से आंदोलन में उतरे मराठा कार्यकर्ता मनोज जारांगे राज्य में हीरो बन गए।

महाराष्ट्र में मराठा समुदाय काफी समृद्ध माना जाता है। अब तक राज्य में 10 मुख्यमंत्री मराठा समाज के बने हैं। महाराष्ट्र की कुल जनसंख्या का 33 प्रतिशत हिस्सा मराठा समुदाय का है। पश्चिमी महाराष्ट्र सहित मध्य, खानदेश और कोंकण क्षेत्र में मराठा समुदाय की संख्या अधिक है। प्रदेश में शिक्षा और सहकार क्षेत्र में इनका काफी प्रभुत्व है। राज्य के 50 प्रतिशत एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, 70 प्रतिशत डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक और 90 प्रतिशत शुगर फैक्ट्री मराठा लोगों के हाथ में है। पश्चिम महाराष्ट्र में दुग्ध सहकार क्षेत्र में भी दबदबा है। राज्य के विधानमंडल के विधानसभा और विधान परिषद (कुल 366 में से 169) में 46 प्रतिशत से ज्यादा विधायक मराठा समाज से हैं।

# हीरामंडी के नवाबों का हुआ खुलासा, फरदीन खान से लेकर शेखर सुमन का शाही फर्स्ट लुक पोस्टर हुए आउट



वेब सीरीज हीरामंडी कई मायनों में खास है। सबसे बड़ी वजह हैं निर्देशक संजय लीला भंसाली, जो अपनी भव्यता के लिए जाने जाते हैं। फिल्मों की तरह उन्होंने अपनी इस सीरीज को भव्य बनाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है।इस सीरीज से अध्ययन सुमन का नाम तो पहले भी जुड़ा था, लेकिन यह जानकारी नहीं थी कि उनके पिता शेखर सुमन भी इसका हिस्सा हैं।अब हीरामंडी से पुरुष कलाकारों की पहली झलक भी सामने आ गई है।

14 साल के लंबे ब्रेक के बाद अभिनेता फरदीन खान पर्दे पर वापसी के लिए तैयार हैं। हीरामंडी से उनकी पहली झलक देख तो लग रहा है कि वह एक बार फिर अपने अवतार और अंदाज से दर्शकों को अपना दीवाना बनाने वाले हैं।सामने आए पोस्टर में फरदीन कुर्ता–पायजामा पहनकर ठाठ से बैठे दिख रहे हैं। इसमें वह वली मोहम्मद का किरदार निभाने वाले हैं।फरदीन को 2010 में फिल्म दूल्हा मिल गया में देखा गया था।

हीरामंडी में शेखर, जुल्फिकार के किरदार में दिखेंगे। सामने आए पोस्टर में शेखर अपनी मूछों पर ताव देते नजर आ रहे हैं।उधर जोरावर बने शेखर के बेटे अध्ययन के नवाबी लुक ने भी दर्शकों का ध्यान खींचा है।इस सीरीज में अभिनेता ताह शाह भी हैं, जो ताजदार की भूमिका निभाएंगे, जो एक नवाब का बेटा है और प्यार व परंपरा के बीच फंसा हुआ है।हीरामंडीः द डायमंड बाजार 1 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

हीरामंडी की कहानी आजादी से पहले चल रहे वेश्यालय पर आधारित है। सीरीज में प्यार, धोखा, राजनीति और तवायफों के जीवन को करीब से जानने का मौका मिलेगा।इसमें अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, मनीषा कोइराला और शरमीन सहगल जैसी कई अभिनेत्रियां अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं।हीरामंडी पर भंसाली पहले फिल्म बनाने की सोच रहे थे, लेकिन फिर नेटफ्लिक्स को ये कहानी इतनी पसंद आई कि उन्होंने सीरीज की पेशकश कर दी। भंसाली के मुताबिक, हीरामंडी बनाने का विचार उन्हें 15 साल पहले उनके दोस्त मोईन बेग ने दिया था, लेकिन तब वह इस पर काम नहीं कर पाए।भंसाली कहते हैं कि फिल्म के बजाय सीरीज पर काम करना बेहद कठिन है, क्योंकि अगर सीरीज बनाते समय एक भी महत्वपूर्ण शॉट छूट गया तो फिर स्क्रिप्ट पर वापस जाना पड़ता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हीरामंडी को भंसाली ने मुगल–ए–आजम की तरह बनाया है। हर फ्रेम में कला का काम है।

## पंत की टीम को लगा 4 करोड़ रुपये का चूना!

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स का आईपीएल 2024 में भी अभी तक का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है।

पंत की टीम ने अपने शुरुआती पांच मैचों में से चार मैचों में हार का सामना किया।

दिल्ली कैपिटल्स की टीम पिछले सीजन की तरह इस बार भी कुछ खास करने में नाकाम नजर आ रही है। इंग्लैंड टीम के विस्फोटक बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने दिल्ली कैपिटल्स को सीजन से पहले ही बड़ा झटका दिया था।

हैरी ब्रूक ने निजी कारणों से आईपीएल 2024 से अपना नाम वापस ले लिया था।

उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को उनका रिप्लेसमेंट बनाया। दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2024 से पहले हैरी को नीलामी में 4 करोड़ रुपये में खरीदा था।

# बतौर कप्तान भर–भरकर प्वाइंट्स देगा यह धाकड़ प्लेयर

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में जीत का 'चौका' लगा चुकी राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने अगले मुकाबले में गुजरात टाइटंस (फफ ५२ ॅळ) से भिड़ेगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला जयपुर के सवाई मानसिंह क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। राजस्थान ने आखिरी मुकाबले में आरसीबी को पटखनी दी थी।

वहीं, गुजरात को अंतिम मुकाबले में पंजाब किंग्स के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। जयपुर में चौके–छक्कों की बरसत होगी, इसमें कोई शक नहीं है। ऐसे में दुविधा की बात यह है कि ड्रीम–11 टीम में किन खिलाड़ियों को शामिल किया जाए। आइए आपकी मुश्किल को इस अर्टिकल के जरिए हल करते हैं।

कौन रहेगा बेस्ट विकेटकीपर?

विकेटकीपर के तौर पर जोस बटलर और संजू सैमसन सबसे अच्छे विकल्प होंगे। बटलर फॉर्म में लौट चुके हैं और उन्होंने आरसीबी के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी। वहीं, संजू सैमसन का बल्ला भी इस सीजन अब तक जमकर बोला है।

### इन बल्लेबाजों पर दांव खेलना होगा सही

बल्लेबाजी में शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन बेस्ट चॉइस होंगे। गिल का बल्ला आईपीएल 2024 में उस कदर नहीं चला है, लेकिन वह बड़ी पारी खेलने का दमखम रखते हैं। वहीं, यशस्वी अपने होम ग्राउंड पर आपको ढेरों प्वाइंट्स दिला सकते हैं।

ये दो ऑलराउंडर होंगे कारगर

आर अश्विन और रियान पराग ऑलराउंडर के तौर पर सबसे अच्छे विकल्प होंगे। रियान का बल्ला आईपीएल 2024 में खूब चला है। रियान अकेले दम पर आपको भर–भरकर प्वाइंट्स दिला सकते हैं। अश्विन अपनी घूमती गेंदों से तो आपका फायदा कराएंगे ही इसके साथ ही वह बल्ले से भी योगदान दे सकते हैं।

ये चार गेंदबाज रहेंगे असरदार

गेंदबाजी में ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल को मिस करने की भूल आप कतई नहीं कर सकते हैं। बोल्ट शुरुआत के ओवरों में विकेट निकाल रहे हैं, तो चहल डेथ ओवरों में आपकी मौज करा सकते हैं।

# देवा की शूटिंग से शाहिद कपूर ने शेयर की तस्वीर, फ्लॉन्ट किए बाइसेप्स

शाहिद कपूर अपने मोस्ट अवेटेड प्रोजेक्ट देवा के लिए तैयारी कर रहे हैं और आज, उन्होंने फिल्म के सेट से एक झलक साझा की। सैल्यूट और कायमकुलम कोचुन्नी जैसी मलयालम हिट फिल्मों के लिए फेमस रोशन एंड्रयूज की डायरेक्टेड, यह फिल्म उत्साह का वादा करती है। कपूर के साथ, इसमें प्रतिभाशाली पूजा हेगड़े भी हैं।

देवा 11 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जो एक प्रत्याशित सिनेमाई अनुभव के लिए मंच तैयार करेगी। कपूर की भागीदारी और एंड्रयूज के डायरेक्शन के साथ, फैंस इस आगामी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, एक मनोरम कहानी को सिल्वर स्क्रीन पर जीवंत करने की उम्मीद कर रहे हैं।

शाहिद कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म देवा के सेट से एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर साझा की। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, ह्यवापसह्न सेट पर देवा!!! शेयर की गई तस्वीर में कपूर को अपने बाइसेप्स दिखाते हुए देखा जा सकता है।

पिछले साल दशहरे पर, शाहिद कपूर ने अपनी आगामी फिल्म देवा की एक झलक दिखाकर अपने फैंस को सुखद आश्चर्यचकित कर दिया था। उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म अगले दशहरा, 11 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होने के लिए तैयार है। उन्होंने फिल्म से पहला लुक साझा किया, जिसमें अधिक मांसल शरीर है, कपूर एक सफेद शर्ट और बेज रंग की पैंट में आकर्षक लग रहे थे, साथ ही कटे हुए बाल भी थे। उनकी पोशाक फिल्म में एक पुलिसकर्मी के किरदार का संकेत देती है। साथ ही उन्हें अंगूठी जैसा पेंडेंट पहने भी देखा गया।

## अजय देवगन की मैदान का गाना रंगा रंगा

शैतान की अपार सफलता के अब अजय देवगन फिल्म मैदान में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान अमित शर्मा ने संभाली है।इस फिल्म में अजय की जोड़ी प्रियामणि के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।यह फिल्म ईद के खास मौके पर यानी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।इससे पहले अब निर्माताओं ने मैदान का नया गाना रंगा रंगा जारी कर दिया है, जिसे वैशाली सामंत ने अपनी आवाज दी है।मैदान की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी।

# भगवान को किया याद; हरे राम–हरे कृष्णा गाने पर जमकर किया डांस



नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के बीच पांड्या ब्रदर्स की एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें वह टूर्नामेंट के बीच अपने परिवार वालों के समय निकालकर भक्ति में डूबे हुए हैं। हार्दिक और क्रुणाल की वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि हार्दिक और क्रुणाल हाथ में माइक थामे हरे राम–हरे कृष्णा गाना गाते हुए जमकर डांस कर रहे हैं।

दरअसल, आईपीएल 2024 में हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं, जहां रोहित शर्मा से कप्तानी छीनने के बाद हार्दिक को टीम की कमान सौंपी गई हैं, जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से क्रुणाल पांड्या खेल रहे हैं।

इस बीच दोनों ही खिलाड़ियों को अपने परिवार वालों के साथ भगवान की भक्ति में डूबते हुए देखा जा रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि पांड्या ब्रदर्स हरे राम–हरे कृष्णा का जाप कर रहे हैं। इस दौरान हार्दिक के साथ पत्नी नताशा स्टानकोविच और क्रुणाल के साथ पत्नी पंखुड़ी मौजूद हैं। हार्दिक और क्रुणाल भजन गाते वक्त अलग ही जोश में नजर आ रहे हैं। फैंस को उनका ये वीडियो काफी पसंद आ रहा हैं।

### हार्दिक मुंबई इंडियंस की पहली जीत से पहले सोमनाथ मंदिर पहुंचे

दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराकर मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े में इस सीजन की पहली जीत हासिल की थी। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में ये मुंबई इंडियंस की पहली जीत रही। इससे पहले मुंबई ने लगातार मैचों में हार का सामना किया था, जिसकी वजह से हार्दिक काफी ट्रोल हो रहे है, जिसके बाद वह मुंबई बनाम दिल्ली मैच से पहले सोमनाथ मंदिर में पूरा करने गए थे।

# पिछले दस वर्षों में हर क्षेत्र में आगे बढ़ा भारत : वीके सिंह

### कोटद्वार में पूर्व सैनिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल (सेनि.) वीके सिंह



कोटद्वार में आयोजित जनसभा को संबोधित करते पहुंची वीके सिंह

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल (सेनि.) वीके सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में तरक्की की है। यह विकास की धारा निरंतर बहती रहें इसके लिए जनता को दोबारा अपने मत से भाजपा को विजयी बनाना होगा। सरकार ने युवाओं के हितों को सबसे अधिक महत्व दिया। भारत आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है। आज पूरी दुनिया की नजरे भारत पर हैं।

मंगलवार को जनरल (सेनि.) वीके सिंह ने पदमपुर स्थित एक बारात घर में पूर्व सैनिक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत एक शक्ति के रूप में निकलकर आगे बढ़ा है। जिस गति से आज हम आगे बढ़ रहे हैं उससे पता चलता है कि आने वाले समय में भारत विकास की बुलंदियों पर होगा। सरकार ने जनता के हितों में सबसे अधिक पैसा खर्च किया है। देश में स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया गया है। जितना पैसा पिछले दस वर्षों में दूसरे देशों ने भारत में लगाया है उतना पैसा 1947 से 2014 तक नहीं लगा। सरकार हर क्षेत्र में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ रही है। कहा कि अब जनता को अपने मत का प्रयोग कर देश की तरक्की में दोबारा योगदान देना चाहिए। काबीना मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने संयुक्त रूप से मिलकर उत्तराखंड का विकास किया है। पर्वतीय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हुई है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण, कर्नल (सेनि.) अजय कोठियाल, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## पोस्टकार्ड भेंट कर मतदान के किया प्रेरित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला प्रशासन शत प्रतिशत मतदान को लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। जगह-जगह जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं पोस्टकार्ड भेंटकर मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने पौड़ी ब्लाक के स्वयं सहायता समूहो से जुड़ी महिलाओं को पोस्टकार्ड भेंटकर मतदान करने व करवाने की अपील की। उन्होंने ब्लाक कार्यालय के कैफेटेरिया में आधा दर्जन से अधिक समूहों की महिलाओं को वोट डालने की अपील संबंधी पोस्ट कार्ड भेंट करते हुए कहा कि लोकतंत्र के निर्माण के लिए मतदान आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ-साथ अपने परिजनों व ग्रामीणों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

# सुरक्षा का करवाया अहसास, निकाला फ्लैग मार्च



फ्लैग मार्च निकालती पुलिस व पैरा मिलिट्री फोर्स

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न करवाने के लिए पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने कलालघाटी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान आमजन को सुरक्षा का अहसास करवाते हुए अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

मंगलवार को पुलिस टीम के साथ पैरा मिलिट्री फोर्स ने भाबर क्षेत्र के कलालघाटी में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च करते हुए लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही राजनैतिक पार्टी व व्यक्ति विशेष के माध्यम से किसी भी प्रकार के दबाब में न आने के लिए प्रेरित किया। पैरा मिलिट्री फोर्स की तरफ से जनता को भयमुक्त होकर किसी भी दबाव में मतदान करने के लिए आश्वस्त किया गया। चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने व कानून व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास किए जाने पर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाई करने का भरोसा दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना व चुनाव के इस महापर्व में आम जनमानस को बेझिझक मतदान के लिए प्रेरित करना है।

# नव संवत्सर पर निकाली प्रभात फेरी




कोटद्वार में प्रभात फेरी निकालते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आर्य समाज कोटद्वार की ओर से नव संवत्सर 2081 पर क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया।

कोटद्वार मुख्य बाजार में ओ३म ध्वजों के साथ प्रभात फेरी आर्य समाज कोटद्वार से लाल बत्ती चौक, गैरेज रोड़, तहसील चौक, झण्डाचौक, सब्जी मंडी, गोविन्द नगर से आर्य समाज तक निकाली गई। प्रभात फेरी में ह्वउठो सोने वालों सवेरा हुआ है, वतन के फकीरों का फेरा हुआ हैह्व जैसे जन-जागरण से ओत-प्रोत गीत, अमर शहीद की जय, महर्षि दयानंद व भारत माता की जय के नारे लगाए गए। प्रभात फेरी के माध्यम से आमजन को अपनी संस्कृति व सभ्यता के प्रति जागरूक किया। प्रभात फेरी के बाद आर्य समाज में प्रधान राजेन्द्र ग्रोवर व आनन्द प्रकाश द्वारा ओ३म ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात यज्ञ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नरेन्द्र सिंह चौहान, नन्दन सिंह रावत, हिमांशु अग्रवाल, दीपक, संजय बिष्ट, प्रभु दयाल वर्मा, दीपक बत्रा, श्रीमती अजय लक्ष्मी, शशि सिंघल, मीना अग्रवाल, डोली बत्रा, रीता अग्रवाल, स्नेहा अग्रवाल, मांडवी, सचिन कुमार, आचार्य नितिन चतुर्वेदी, सुल्तान सिंह, सुलोचना देवी, रक्षा देवी, रणजीत सिंह, योगम्बर सिंह, महेश कौसिक, शूरवीर खेतवाल आदि मौजूद रहे।

## हिन्दू नववर्ष पर छात्रों ने निकाली शोभायात्रा

श्रीनगर गढ़वाल : श्री जयदयाल अग्रवाल संस्कृत उत्तरमध्यमा विद्यालय श्रीनगर के छात्रों ने हिन्दू नववर्ष के अवसर पर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए शोभायात्रा निकालते हुए आमजन को हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दी। साथ ही चैत्र नवरात्र के पहले दिन विद्यालय परिवार द्वारा मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य जगदीश प्रसाद सकलानी ने बताया कि आज के दिन चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य ने हूणों पर विजय प्राप्त कर अखंड भारत का निर्माण किया था। कहा कि किसी भी कार्य को प्रारम्भ करने के लिये यह शुभ मुहूर्त होता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक हरीश अग्रवाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद सकलानी, सुनील प्रसाद, गिरीश चंद्र डिमरी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# नजीबाबाद-कोटद्वार के मध्य जाफरा के समीप पलटी बस, यात्री घायल

### मंगलवार को कोटद्वार से नोएड़ा जा रही थी रोडवेज की बस



कोटद्वार-नजीबाबाद के मध्य जाफरा के समीप पलटी बस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार से नोएडा जा रही रोडवेज की बस कोटद्वार-नजीबाबाद के मध्य जाफरा के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में बस में सवार दस यात्री घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायलों को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया गया। मंगलवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे कोटद्वार रोडवेज बस अड्डे से बस सवारियों को लेकर नोएडा के लिए निकली। इसी दौरान कोटद्वार-नजीबाबाद के मध्य जाफरा के समीप बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। आसपास गुजर रहे लोगों ने घायलों को बस से बाहर निकाला। सूचना के बाद पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। बस में सवार एक पांच साल के बालक व एक डेढ़ साल की बालिका को भी चोट लगी है। घायलों में सिताबपुर निवासी सतीश उम्र 55 वर्ष, मुकेश कुमार उम्र 47 वर्ष, ईशांत कुमार उम्र 12 वर्ष, घमंडपुर निवासी देवेश्वरी देवी उम्र 65 वर्ष, सतपुली निवासी सोनाली, कनिष्क उम्र 5 वर्ष, वेदिका उम्र डेढ वर्ष, प्रियांशु उम्र 18 वर्ष, आमपड़ाव निवासी आशा देवी उम्र 50 वर्ष, कलालघाटी निवासी रीना देवी उम्र 48 वर्ष शामिल है। सात घायलों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## एक नजर

### बीरोंखाल में बलूनी ने जनसंपर्क कर मांगे वोट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : भाजपा गढ़वाल लोकसभा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने बीरोंखाल ब्लाक के विभिन्न बाजारों में जनसंपर्क कर लोगों से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की हैं। मंगलवार को बीरोंखाल बाजार में अनिल बलूनी ने जनसंपर्क करते कहा कि सभी लोग इस बार भाजपा के पक्ष में वोट कर उन्हें लोकसभा में भेजते हैं तो वह चौबट्टाखाल सहित पूरे गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र का चौमुखी विकास करेंगें। उन्होनें कहा कि पिछले दस सालों में देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में सुरक्षित हैं। चौबट्खाल विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के कहा कि इस बार भाजपा चार सौ सीट जीत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास करेगा।

### पेयजल किल्लत से परेशान ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गर्मी बढ़ने के साथ ही पेयजल किल्लत होने लगी है। पेयजल किल्लत से ग्रामीणों को दिक्कतें हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पेयजल किल्लत से निजात दिलाने की मांग की है। कोट ब्लॉक के पालीखाल के बीस परिवार पेयजल किल्लत से परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दो पेयजल योजनाएं होने के बाद भी उनको पानी की किल्लत से निजात नहीं मिल पा रही है। कहा कि पेयजल किल्लत होने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### श्रीनगर में खुला क्रेच केंद्र

श्रीनगर गढ़वाल : बाह्य न्यायालय परिसर श्रीनगर में मंगलवार को बच्चों की देखभाल के लिए क्रेच केंद्र का उद्घाटन किया गया। उच्च न्यायालय नैनीताल के निर्देशन पर सिविल जज रजनीश मोहन कुमार ने क्रेच केंद्र का शुभारंभ करते हुए कहा कि क्रेच केसों से संबंधित अदालत आने वाले माता-पिता व बच्चों को रहने की सुविधा मिलेगी। साथ ही न्यायालय परिसर में तैनात कर्मियों के बच्चों को भी इसकी सुविधा मिलेगी। इस मौके पर बार एसोसिएशन श्रीनगर के अध्यक्ष प्रमेश जोशी, संरक्षक अनूप श्री पांथरी, विकास पंत आदि मौजूद थे।

### आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

चमोली : चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव सम्वत्सर 2081, हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर आरएसएस के स्वंय सेवकों ने जोशीमठ नगर के मुख्य बाजार में पथ संचलन का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृत महाविद्यालय जोशीमठ के मैदान से राइंका तिराहे तक हुआ।

# बच्चों व महिलाओं की प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नव संवत्सर अभिनंदन समारोह समिति की ओर से नव संवत्सर महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान कीर्तन मंडली व स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरणविद् सच्चिदानंद भारती ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। यह सृष्टि का प्रथम दिवस है। हमारे इतिहास में अनेक शुभ कार्यों की शुरुआत इस दिन से हुई है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से विक्रम संवत 2081 शुरू हो गया है। कहा कि भारतीय सभ्यता व संस्कृति के मूल तत्वों को आत्मसात कर समाज में जन चेतना पैदा करना आज समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कोटद्वार में आयोजित नववर्ष उत्सव को पूरे देश में अभिनव पहल बताते हुए कहा कि इससे प्रेरणा लेकर अब अन्य स्थानों पर भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने लगे हैं। इस अवसर पर नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भारतीय संस्कृति के विविध रूपों को दर्शाते हुए भव्य एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शास्त्रीय नृत्य के साथ ही गरबा, झूमर, थड़िया, चौंफला, बाजूबंद गीत-नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। क्रेडिल प्ले स्कूल की प्रस्तुति मेरे प्रभु राम आए हैं विशेष रूप से सराही गई। इस दौरान महिला कीर्तन मंडलियों की ओर से भी भावपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल, चंद्रप्रकाश नैथानी, महानंद ध्यानी, डा. पदमेश बुड़ाकोटी, सत्यप्रकाश थपलियाल, शैलेंद्र रावत, पीएल खंतवाल, जनार्दन बुड़ाकोटी, योगंबर सिंह रावत, सुमन कोटनाला, रेणुका गुसाईं, गायत्री भट्ट, मंजू जखमोला, नीरु बाला, गोपाल जखमोला, केपी नैथानी, विकास देवरानी, पंकज ध्यानी, शशिभूषण अमोली, धर्मेंद्र रावत, गोपाल रावत, महेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




कोटद्वार में नव संवत्सर के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देती बच्चे

## बुजर्ग व दिव्यांग मतदाताओं में दिखा उत्साह

टिहरी : दिव्यांगों और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान कराने के लिए मंगलवार को सभी 6 विधानसभाओं में 40 पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। जबकि बीते सोमवार को 98 मतदान पार्टियों ने घर-घर जाकर 182 दिव्यांग और 85 वर्ष अधिक आयु वर्ग के 360 सहित कुल 542 मतदाताओं को पोस्टल बैलेट से मतदान करवाया। लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के तहत जनपद के तहत 6 विधान सभाओं में बीती 8 अप्रैल से आगामी 10 अप्रैल तक मतदान पार्टियां घर-घर जाकर दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 759 मतदाताओं को डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान कराया जाना है। जिसके तहत विधान सभा घनसाली की 18 पोलिंग पार्टियों ने कुल 99 मतदाताओं को मतदान कराया गया। जिनमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 74 मतदाता तथा 25 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। विधानसभा देवप्रयाग की 16 पोलिंग पार्टियों ने कुल 82 मतदाताओं को मतदान करवाया। जिनमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 63 मतदाता तथा 19 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। विधानसभा नरेंद्रनगर की 20 पार्टियों ने कुल 88 मतदाताओं ने मतदान किया। जिनमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 77 मतदाता तथा 11 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।

## रोजा इफ्तार में सूबे और वतन के लिए मांगी दुआ

टिहरी : उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव मुशर्रफ अली ने बोराड़ी में रोजा इफ्तार का आयोजन किया। इस अवसर पर रोजेदारों ने रोजा इफ्तार कर सूबे और वतन के लिए दुआ की। बोराड़ी में आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में मुशर्रफ अली ने सभी रोजेदारों को रमजान एवं ईद की बधाई देते हुए कहा की रोजा केवल भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं है। रोजा हर बुराई को खत्म करने का नाम है। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना बरकत महीना है।

## प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर मांगे वोट

देहरादून। टिहरी लोकसभा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को गिनाते हुए उनके नाम पर खुद के लिए वोट मांगे। धनोल्टी विधानसभा के सुवाखोली, भवान, भांसवाड़ी, साबली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल–नगाड़ों और पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। माला राज्य लक्ष्मी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश चौमुखी विकास कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में सड़क के साथ ही मोबाइल नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## श्रमिक कार्ड बनाने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर लगाए जाए कैंप

विकासनगर। कालसी क्षेत्र के श्रमिकों ने श्रमिक कार्ड बनाने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर कैंप लगाने की मांग उठाई है। इस संबंध में श्रमिकों ने श्रम विभाग को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में श्रमिक रमेश, सिकंदर, सिद्धू, वीरेंद्र, शंकर लाल, विनोद, सासकू, नारू देवी, सुशीला, मंती आदि का कहना है कि श्रमिक कार्ड ऑनलाइन एक्टिव करने के लिए दूर–दराज के गांव से विकासनगर या देहरादून जाना पड़ता है। वहां पहले से ही सीमित संख्या में श्रमिकों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जाता है। इस कारण दूर–दराज से आने वाले श्रमिकों का नंबर नहीं लग पाता है। उन्हें बिना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के वापस जाना पड़ता है। इससे उनके श्रमिक कार्ड समय से नहीं बन पा रहे हैं। उन्हें कई बार आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। उन्होंने श्रम विभाग से मांग कि है कि न्याय पंचायत स्तर पर श्रमिक कार्ड बनाने के लिए कैंप लगाए जाए।

## कैबिनेट मंत्री जोशी ने नवरात्र की शुभकामनाएं दी

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में मंगलवार को अपने शासकीय आवास पर पूजा अर्चना कर नवरात्र और हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि नवरात्र के नौ दिन शक्ति की साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ मानें जाते हैं। यह त्योहार लोगों को आध्यात्मिक रूप से जागृत करने और उन्हें देवी दुर्गा की कृपा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने नव संवत्सर में नए संकल्प के साथ राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने मां के नौ रूपों को नमन करते हुए प्रदेशवासियों के जीवन में सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

# माता के जयकारों से गूंजे देवालय, शैलपुत्री की हुई पूजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन कोटद्वार क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ी उमड़ी हुई थी। भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा कर सुख-शांति की कामना की। मंगलवार को दुर्गा देवी मंदिर, सुखरो देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घट स्थापित किया गया। अधिकांश मंदिरों में सुबह से ही चंडी पाठ व हवन शुरू हुआ था।

कई श्रद्धालु नंगे पांव जय माता दी का गुणगान करते हुए मंदिर जाते हुए दिखाई दिए। श्रद्धालुओं ने अपने घर में भी घट स्थापित कर चंडी पाठ करवाया। कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य स्थित दुर्गा माता मंदिर में भी दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता का आशीर्वाद लिया। वहीं, सिद्धबली मंदिर के समीप स्थित दुर्गा मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा हुआ था। पाटीसैंण के अंतर्गत ज्वाल्पा देवी मंदिर में विधि विधान के साथ घट स्थापित कर देवी पाठ का शुभारंभ किया गया। भक्तों ने व्रत रख मां से अपने परिवार व देश के लिए सुख-शांति की कामना की।



कोटद्वार के देवी मंदिर में नवरात्र के प्रथम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# आरुषि का जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



एसजीआरआर के प्रधानाचार्य डीएम रतूड़ी छात्रा को सम्मानित करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल पदमपुर सुखरौ में कक्षा पांचवीं की छात्रा आरुषि बिष्ट का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएम रतूडी ने छात्रा को सम्मानित करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने छात्रा और उनके अभिभावक अनिल सिंह बिष्ट व श्रीमती रेनू देवी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शिक्षा मित्र के परिवार की मदद को आया आगे संघ

चमोली : राप्रावि मूसौं में कार्यरत शिक्षा मित्र नरेन्द्र रावत के निधन पर उत्तराखंड़ राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा गैरसैंण ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी पत्नी को पौने दो लाख की सहायता राशि प्रदान की। बता दें के राप्रावि मूसौं में कार्यरत इसी गांव के शिक्षा मित्र नरेन्द्र सिंह रावत (53 वर्ष) की 14 मार्च 2024 को विद्यालय से घर आते समय खाई में गिर कर मृत्यु हो गयी थी। वह अपने पीछे पत्नी सहित तीन बच्चों को छोड़ गए। संघ के शाखा अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने बताया मृतक शिक्षा मित्र नरेन्द्र सिंह रावत ने परिजनों की माली हालत को देखते हुये पूरे जनपद के संगठन से परिजनों की सहायता के लिए अपील की गई थी। मंगलवार को संघ के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि और पत्नी को 1 लाख 75 हजार की सहायता राशि दी गई। शाखा अध्यक्ष रावत ने सहायता में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों का आभार भी प्रकट किया। (एजेंसी)

# भक्तों ने लिया देवी का आशीर्वाद



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी के देवप्रयाग रोड पर स्थित अंछरीखाल के मां वैष्णो देवी मंदिर में भी आदिशक्ति के प्रथम स्वरूप की आराधना की गई। मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मंदिर में भक्तों की संख्या को देखते हुए मंदिर प्रबंधन की ओर से पूरी तैयारियां कर ली गई थी। नारियल, लाल चुनरी, मौसम फल, पंचमेवा अर्पण कर भक्तों ने देवी का आशीर्वाद लिया। मां वैष्णो देवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। मंदिर माता के जयकारों से गूंजता रहा। मंदिर परिसर में भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय हो गया। वहीं, रामलीला मैदान में सिया राम मंदिर में राम दरबार की मूर्तियों का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू हो गया है।

## देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

श्रीनगर गढ़वाल : चैत्र नवरात्र के पहले दिन परंपरानुसार मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। श्रीनगर के देवी मंदिरों में पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर मां के जयकारों से गूंज उठे। सिद्धपीठ धारी देवी पहुंच भक्तों ने देवी का आशीर्वाद लिया। मंगलवार को पहले नवरात्र पर मां के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। बदरीनाथ हाईवे पर कलियासौड़ स्थित सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर, बगलामुखी, कंसमर्दनी सहित देवलगढ़ स्थित राजराजेश्वरी, गौरा देवी मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। (एजेंसी)

## एक नजर

### निराश्रित गोवंश की सेवा को गो भक्त आगे आए

चमोली : सड़कों पर छोड़े गए निराश्रित गोवंश की सेवा के लिए थराली में गो भक्त आगे आए हैं। गो सेवा से जुड़े समूह के अध्यक्ष कैलाश देवराड़ी, नन्दा बल्लभ, प्रेमचंद्र, घनानंद और पवन ने बताया कि कई लोग गोवंश को सड़क पर छोड़ देते हैं। बूढ़ी, बीमार गायों के लिए चारा, पानी शेल्टर की कोई व्यवस्था नहीं है। समूह 27 निराश्रित गायों की सेवा कर रहा है। (एजेंसी)

### एम्स के लिए भी उम्मीदों से भरा है पीएम मोदी का ऋषिकेश का चुनावी दौरा

ऋषिकेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऋषिकेश चुनावी दौरा भाजपा प्रत्याशियों के अलावा एम्स प्रशासन के लिए भी खास होगा। आईडीपीएल की करीब 200 एकड़ भूमि एम्स को दी जानी है। वर्ष 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की कैबिनेट में इसका प्रस्ताव भी पास हो चुका है। वर्तमान में त्रिवेंद्र सिंह रावत हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी हैं। एम्स प्रशासन को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री के इस दौर के बाद आईडीपीएल की भूमि एम्स को मिल सकती है। जनवरी वर्ष 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में उत्तराखंड सरकार ने आईडीपीएल को दी गई 833 एकड़ भूमि में से 200 एकड़ जमीन ऋषिकेश एम्स को देने का निर्णय लिया था। इससे एम्स के विस्तार उम्मीद जगी थी। एम्स में उत्तराखंड के साथ ही नोयडा, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल आदि स्थानों से हर दिन मरीज पहुंचते हैं। मरीजों को बेड के लिए जूझना पड़ता है। एम्स प्रशासन का कहना है कि यदि उन्हें आईडीपीएल की भूमि मिल जाए तो वह यहां बेड की संख्या बढ़ाकर तीन हजार तक हो सकती है। वर्तमान में यहां करीब 900 बेड हैं। इसके साथ ही अन्य सुविधाएं भी बढ़ाई जा सकती हैं। चार साल बीतने के बाद भी आईडीपीएल की भूमि एम्स को दिए जाने के प्रस्ताव पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### हत्यारों पर पुलिस कार्रवाई जीरो टॉलरेंस की नीति का नतीजा : सुरेश जोशी

देहरादून। भाजपा ने बाबा तरसेम के हत्यारों पर हुई पुलिस कार्रवाई को अपराध के खिलाफ धामी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का परिणाम बताया। भाजपा के चुनावी मीडिया सेंटर में मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि जब नानकमत्ता के बाबा तरसेम की हत्या हुई तो मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश पुलिस को दिए। सीएम ने उसी समय स्पष्ट कर दिया था कि हत्यारों के साथ अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की जाएगी। जोशी ने पुलिस की तत्परता और कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि बाबा के हत्यारों का पुलिस मुठभेड़ में मारा जाना बताता है कि अपराधियों का राज्य में बचना नामुमकिन है। उन्होंने कहा कि इस घटना से साबित हो गया है कि राज्य में जब भी कोई कानून व्यवस्था को चुनौती देगा उस पर तत्काल कानून का शिकंजा कसना तय है।

### मलिन बस्तियों के नियमितिकरण का मुद्दा उठा

देहरादून। टिहरी लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला के समर्थन में इंडिया गठबंधन ने मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। देहरादून कैंट में हुई बैठक का नेतृत्व सीपीएम के पदाधिकारियों ने किया और अध्यक्षता पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख अर्जुन रावत ने की। वक्ताओं ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मलिन बस्तियों का नियमितिकरण अब तक नहीं हो पाया। वक्ताओं ने प्रदेश में फड़ ठेली लगाने वाले लोगों और मजदूरों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। उत्तराखंड के चिन्हित आन्दोलनकारियों का चिन्हिकरण न करने को लेकर रोष जताया। इस दौरान चुनाव संयोजक इन्दु नौडियाल, जिला सचिव व पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र पुरोहित, पार्टी देहरादून सचिव अनन्त आकाश,जनवादी महिला समिति की जिला उपाध्यक्ष बिन्द्रा मिश्रा आदि ने विचार रखे।

### मोहनपुर में देवी डोली यात्रा निकाली

देहरादून। मिशन सांस्कृतिक चेरेटेबिल ट्रस्ट देवभूमि की ओर से हिंदू नववर्ष पर देवी डोली यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल महिलाओं ने मां भगवती के स्वागत में चांचरी नृत्य किया। यात्रा मोहनपुर स्थित नमदेश्वर मंदिर से शुरू हुई, जो शिव कॉलोनी, नहर वाली रोड, ग्रीन वैली होते हुए वापस नमदेश्वर मंदिर में संपन्न हुई। इस मौके पर अध्यक्ष सुनील बहुखंडी, उपाध्यक्ष राखी रावत, रुपल बहुखंडी, सीता रावत, उमा सती, पिंकी रावत, मालती नेगी आदि मौजूद रहे।

# सामान्य प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रुद्रप्रयाग : सामान्य प्रेक्षक पीयूष समारिया ने मंगलवार को अगस्त्यमुनि क्रीड़ा हॉल में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर कमिशनिंग कार्य का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में बनाए गए सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में उपयोग में लाई जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों में चल रहे कमिशनिंग कार्यों का बड़ी सावधानी से कार्य करने के निर्देश दिए। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शिता के साथ संपन्न कराए जाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा 02 संसदीय क्षेत्र गढ़वाल हेतु नियुक्त किए सामान्य प्रेक्षक पीयूष समारिया ने मंगलवार को अगस्त्यमुनि क्रीड़ा हॉल में बनाए गए स्ट्रांग रूम का जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर दोनों विधान सभाओं 07-केदारनाथ एवं 08-रुद्रप्रयाग हेतु निर्वाचन प्रक्रिया में उपयोग में लाई जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के चल रहे कमिशनिंग कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोई शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कमिशनिंग का कार्य बड़ी सावधानी पूर्वक तथा अपनी देखरेख में कराएं। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने सामान्य प्रेक्षक को दोनों विधान सभाओं के लिए लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सफल संपादन हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी 07-केदारनाथ अनिल कुमार शुक्ला, 08-रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल, नोडल अधिकारी ईवीएम मीनल गुलाटी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# 74 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में ऐसे मतदाता जो दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हैं जो मतदान के दिन अपने पोलिंग बूथ पर नहीं पहुंच सकते ऐसे मतदाताओं को आज दूसरे दिन दोनों विधान सभाओं में पोलिंग पार्टियों द्वारा घर-घर जाकर 74 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के मतदान कराया गया। मंगलवार को दूसरे दिन जनपद की दोनों विधान सभाओं में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 74 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर-घर जाकर पोलिंग पार्टियों द्वारा मतदान कराया गया। नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट राहुल चैबे ने बताया कि जनपद की दोनों विधान सभाओं में मंगलवार को 31 पोलिंग पार्टियों द्वारा दोनों विधान सभाओं



में घर-घर जाकर मतदान कराया गया, जिसमें विधान सभा 07-केदारनाथ में 29 बुजुर्ग मतदाताओं के मतदान कराए गए तथा विधान सभा 08-रुद्रप्रयाग में 45 मतदाताओं का मतदान कराया गया, जिसमें 37 बुजुर्ग मतदाता एवं 08 दिव्यांग मतदाताओं के मतदान कराए गए। उन्होंने बताया कि जनपद की दोनों विधान सभाओं में अब तक 238 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

# चारा लेने गई महिला भालू के हमले में घायल



रुद्रप्रयाग : जखोली ब्लॉक के धारकुड़ी कोट बांगर में घास लेने गई एक महिला पर भालू ने जानलेवा हमला कर दिया। साथ में गई और महिलाओं द्वारा चिल्लाने के बाद भालू भाग गया। जबकि महिलाओं के साथ ही आसपास के लोगों द्वारा भालू की तरफ पत्थर फेंके गए। किसी तरह महिला की जान बचाई जा सकी। महिला के चेहरे पर जख्म हुए हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे धारकुड़ी कोट बांगर की 55 वर्षीय सुशीला देवी घास काटने को लेकर पास के जंगल गई थी। इस दौरान घात लगाकर बैठे भालू ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। महिला के चिखने चिल्लाने के बाद पास में मौजूद ग्रामीण तेजी के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और भालू को भगाया, किंतु भालू तब तक सुशीला देवी को गहरे जख्म दे चुका था। घटना की सूचना के बाद वन विभाग टीम के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल महिला को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। वन कर्मचारी अनूप सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद शीघ्र गांव में वन विभाग की टीम पहुंच गई थी। घायल महिला को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया है। हमले में भालू ने महिला के चेहरे पर गहरे जख्म दिए हैं। (एजेंसी)

### दिव्यांग और बुर्जुग मतदाताओं ने किया मतदान

चमोली : चमोली जनपद मे घर में मतदान (होम वोटिंग) के साथ मतदान को शुभारंभ हो गया है। जनपद में 83 दिव्यांग और 239 वरिष्ठ मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि 3 दिव्यांग और 20 वरिष्ठ मतदाता 10 अप्रैल को होम वोटिंग के जरिये अपना मतदान करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने बताया चमोली की तीनों विधानसभा में 86 दिव्यांग और 259 वरिष्ठ नागरिकों सहित कुल 345 मतदातों ने होम वोटिंग के लिए आवेदन किया था। होम वोटिंग के लिए बदरीनाथ विधानसभा में 19, थराली विधानसभा के लिए 14 तथा कर्णप्रयाग विधानसभा के लिए 22 सहित कुल 55 पोलिंग पार्टियां घर-घर भेजी गई। होम वोटिंग के पहले चरण में 86 दिव्यांग में से 83 और 259 वरिष्ठ नागरिकों में से 239 ने मतदान किया। (एजेंसी)

# इलेक्शन ऑइकान और जिला स्तरीय अधिकारियों ने मतदाताओं से मतदान की अपील

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सोशल मीडिया पर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। साथ ही स्वीप टीम की ओर से दूरस्थ क्षेत्रों में भी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना के साथ ही अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, पुलिस अधिक्षक सर्वेश पंवार, जिला आइकॉन ऑलम्पियन मनीष रावत, अंतराष्ट्रीय वाक रेसार मानसी नेगी, पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, पद्मश्री बसंती बिष्ट, कर्नल डीएस बर्त्वाल, आदित्य नेगी सहित जिला स्तरीय सभी अधिकारियों ने जागरुकता संदेश सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर प्रसारित कर मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान की अपील की। दूसरी ओर स्वीप टीम की ओर से बद्रीनाथ विधानसभा के




देवतोली, सेमी, ग्वाड, खाल, सरमोला, बिनगढ़, उडामांडा, देवर, देवस्थान, पोखरी, पोखटा, कनकचौरी, थालाबैंड, मोहनखाल और रडुवा चांदनीखाल गांवों में जागरुकता अभियान चलाया गया। टीम की ओर से मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित करने के साथ ही मतदाता शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद सती प्रबोध डिमरी, पृथ्वी रावत और शिवराज बोरा आदि मौजूद थे।

# मतदान को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका : डीएम

चमोली : लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के अंतर्गत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर कर्णप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के 917 कार्मिकों और जनपद में बनाए गए दिव्यांग बूथ व महिला बूथ के 48 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के तीसरे दिन दो पालियों में 832 मतदान अधिकारियों, 67 सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटों व 66 माइक्रो ऑब्जर्बरों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 24 महिला एवं 24 दिव्यांग मतदान अधिकारी भी शामिल हैं।जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने कहा कि मतदान को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में सभी मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए सभी मतदान



अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के संबंध में गहन अध्ययन करते हुए मतदान के दौरान समस्त प्रक्रिया को आयोग की मंशा के अनुरूप संपन्न कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। ताकि जनपद में स्वतंत्र निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन संपन्न कराया जा सके और बताया कि ट्रेनिंग मटेरियल को गूगल पर डीईओ चमोली पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है। मास्टर ट्रेनर एपी डिमरी, मनोज तिवारी, जयदीप झिंक्वाण, दिगपाल रावत, केसी पंत, जयवीर रावत एवं विनोद रावत ने प्रशिक्षण के तीसरे दिन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में सभी मतदान कार्मिकों को चुनाव प्रक्रिया की प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। मतदान के सैद्धांतिक प्रशिक्षण व ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने व सील करने के साथ ही सीयू और वीवीपैट को संयोजित करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि मतदान से पहले मॉक करना आवश्यक है। इस दौरान नोडल स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, सहायक नोडल ट्रेनिंग आनन्द सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### भारतीय वैश्य महासंघ का परिचय सम्मेलन नौ जून को

देहरादून।भारतीय वैश्य महासंघ की ओर से 9 जून को विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की गई है। कार्यक्रम हरिद्वार रोड स्थित अतिथि कम्युनिटी हॉल में संपन्न होगा।

महानगर अध्यक्ष विनोद गोयल ने मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय वैश्य महासंघ की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए नौ जून को होने जा रहे परिचय सम्मेलन को लेकर विस्तार से जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष विनय गोयल ने बताया कि दस सालों से प्रत्येक वर्ष वैश्य विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस साल यह कार्यक्रम 9 जून को हरिद्वार रोड स्थित अतिथि कम्युनिटी हॉल में 11 बजे से संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि आजकल विवाह योग्य युवक युवतियों का विवाह करवाने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए भारतीय वैश्य महासंघ ने परिचय सम्मेलन करवाने की पहल की। उन्होंने बताया कि युवक युवतियों को अपने जीवनसाथी के बारे में कुछ जानकारी चाहिए तो वह भी आग्रह करने पर उपलब्ध करवा दी जाती है। जरूरतमंद परिवारों को विवाह के लिए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया जाता है।

# मतदान केंद्रों पर होंगे लू से बचाव के इंतजामः पुरूषोत्तम

देहरादून।मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरूषोत्तम ने विभागों को मतदान के दिन कार्मिकों और मतदाताओं को लू के साथ ही प्रतिकूल मौसम से बचाव के लिए भी उपाय करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को सचिवालय में सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मार्च से जून माह तक लू से बचाव के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए मैदानी जनपदों में लू से बचाव के लिए शहरी विकास विभाग, जल संस्थान सहित अन्य सभी विभाग आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। विशेषकर तीन मैदानी जनपदों देहरादून, उधमसिंह नगर एवं हरिद्वार में लू से बचाव के इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने मतदान केंद्रों में शेड, पानी, कूलर, पंखों आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए पर्वतीय जनपदो में मतदान कार्मिकों को आवश्यक रूप से गर्म कपड़े साथ रखने और कार्मिकों के रूकने वाले स्थलों में बिस्तर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य महानिदेशक को गर्भवती महिलाओं के लिए डोली की व्यवस्था कराए जाने हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे, अपर सचिव शहरी विकास नितिन भदौरिया, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल सहित मौसम विभाग, जल संस्थान, स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# 25 जून को निकलेगी गौमुख कलश यात्रा

ऋषिकेश। 25 जून को छह दिवसीय गौमुख संकल्प कलश यात्रा ऋषिकेश से निकलेगी। जो विभिन्न पड़ाव से होते हुए गौमुख तक जाएगी। यात्रा के जरिए लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। यात्रा समिति ने बैठक कर समाजसेवी मदन शर्मा और उत्तम चंद्र रमोला को यात्रा संयोजक बनाया। मंगलवार को तुलसी मानस मंदिर में गौमुख संकल्प कलश यात्रा को लेकर हुई बैठक में कलश यात्रा के संस्थापक अध्यक्ष महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य लोगों को गंगा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। यह यात्रा प्रतिवर्ष ऋषिकेश से गौमुख तक निकाली जाती है। इस वर्ष यह यात्रा 25 जून से 30 जून तक निकाली जाएगी। जिसमें गंगा तटीय शहरों में कूड़ा निस्तारण के लिए सरकार और प्रशासन को डंपिंग ग्राउंड की व्यवस्था के लिए जागरूक किया जाएगा। यह यात्रा विभिन्न पड़ाव से होते हुए गोमुख धाम पहुंचेगी। यात्रा के दौरान विभिन्न जगहों पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। यात्रा में श्री गंगा सेवा पर्यावरण सुरक्षा समिति, सीताराम परिवार समिति, संस्कार योग आश्रम ऋषिकेश, रामायण प्रचार समिति तुलसी मानस मंदिर, आदि शंकराचार्य वैदिक फाउंडेशन, सारथी सामाजिक संस्था, श्री गंगा गौ सेवा समिति, अखिल भारतीय संत समिति, विरक्त वैष्णो मंडल आदि के सदस्य शामिल होंगे। मौके पर उत्तम चंद्र रमोला, मदन शर्मा, गजेंद्र कुड़ियाल, घनश्याम नौटियाल, प्यारेलाल जुगराण, बृजपाल राणा, हंसराज मदोलिया, सुशीला सेमवाल, पंकज शर्मा, नवीन जोशी आदि उपस्थित रहे।

### मानस स्टडीज का नए केंद्र खुला

देहरादून। मानस स्टडीज ने जीएमएस रोड में अपना नया केंद्र खोला है। केंद्र के निदेशक अजय मोहन सिंह ने बताया कि मानस स्टडीज 25 साल से भारत में आईआईटी, जेईई और नीट की तैयारी करवाता है। इस केंद्र की स्थापना होने से अब देहरादून और उसके आसपास के छात्र– छात्राओं को अपनी मेडिकल और इंजीनियरिंग के क्षेत्र की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

### ऑटिज्म दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

ऋषिकेश। हिमालयन अस्पताल और ग्राम्य विकास संस्थान की ओर से ऑटिज्म दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता अभियान चलाया गया। चिकित्सकों ने ऑटिज्म के लक्षण, बचाव व उपचार की जानकारी दी। अस्पताल में ऑटिज्म रोग से पीड़ित बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। मंगलवार को जौलीग्रांट स्थित हिमालयन अस्पताल के बाल रोग विभाग की ओर से ऑटिज्म दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. हेम चंद्र जोशी ने कहा कि इस वर्ष ऑटिज्म जागरूकता की थीम एम्पावरिंग आटिस्टिक थीम है।

# नव संवत्सर पर बैंड बाजों के साथ निकाला पथ संचलन

ऋषिकेश। विक्रम संवत 2081 के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने हिन्दू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दौरान नगर में बैंडबाजों के साथ पथ संचलन निकाला। विभिन्न जगहों पर पथ संचलन का नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मंगलवार को श्रीभरत मंदिर इंटर कॉलेज के मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। संघ के क्षेत्र सामाजिक समरसता संयोजक लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल ने कहा कि आज भारत की बढ़ती वैश्विक शक्ति इस बात का परिचायक है, कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विमर्श अब सर्व स्वीकार्यता की ओर बढ़ रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष विनोद कोठारी ने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम्, सर्वे भवन्तु सुखिन सर्वे संतु निरामय की अवधारणा भी इसी सनातन से प्रस्फुटित हुई है। यह हिन्दू नव वर्ष कोई सामान्य दिवस नहीं, अपितु इसी दिन ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की स्थापना, इसी दिन प्रथम सूर्योदय, सभी भारतीय सम्वतों का प्रारम्भ दिवस, मां दुर्गा की उपासना नवरात्रि प्रारम्भ, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और सम्राट युधिष्ठिर का राज्याभिषेक, झूलेलाल जयंती, आर्यसमाज की स्थापना और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आध्य सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म दिवस जैसे अनेकों उत्सव आयोजित किए जाते हैं। इस दौरान श्रीभरत मंदिर इंटर कॉलेज से निकला पथ संचलन हीरालाल मार्ग, तिलक रोड, हरिद्वार मार्ग, त्रिवेणी घाट, क्षेत्र बाजार, सुभाष चौक, भरत मंदिर होते हुए देहरादून मार्ग, रेलवे मार्ग से होते हुए अपने प्रारंभिक स्थल पर जाकर समाप्त हुआ। मौके पर विभाग संघचालक अनिल कुमार मित्तल, नगर संघचालक भारत भूषण कुंदनानी आदि उपस्थित रहे।

### नववर्ष की चैत्र प्रतिपदा पर आयुर्वेद सही पत्रिका का विमोचन

ऋषिकेश। ऋषिकेश स्थित भगीरथ आश्रम में भारतीय नववर्ष की चैत्र प्रतिपदा के उपलक्ष्य में आयुर्वेद सही है नामक पत्रिका का विमोचन किया गया। विधायक प्रीतम पंवार ने कहा आयुर्वेद सही है पत्रिका आयुर्वेद के महत्वपूर्ण तत्वों पर ध्यान केंद्रित करती है और इसके प्रसार और विकास में अहम भूमिका निभाती है।

# हर्षोल्लास से मनाया भारतीय नववर्ष विक्रम सम्वत

देहरादून(आरएनएस)। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से मंगलवार को भारतीय नववर्ष विक्रम सम्वत 2081 के अवसर पर कारगी चौक के समीप स्थित जेपी प्लाजा में आयोजित किया गया। वेद मंत्रों के दिव्य उच्चारण के साथ रूद्रिपाठ कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। वेदोच्चारण के बाद महाआरती की गई। जयघोषों से समूचा परिसर गुंजायमान हो गया। मंच से वक्ताओं ने इस विशेष दिन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्री राम राज्य की स्थापना, दयानन्द सरस्वती द्वारा आर्य सामाज की स्थापना, सतयुग में इसी दिन ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि का सूत्रपात भी किया था। इसलिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सृष्टि के आरम्भ का प्रथम दिवस भी है। इसी के साथ भजनों की प्रस्तुति ने उपस्थित संगत को भाव विभोर कर दिया। सद्गुरू आशुतोष महाराज की शिष्या और दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की प्रचारिका साध्वी विदुषी जाह्नवी भारती ने अपने प्रवचन के दौरान बताया कि नई उमंग और नव उत्साह से भरा यह भारतीय नववर्ष अपने भीतर अनेक कीर्तिमानों को संजोए हुए है। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति से अनभिज्ञ होने के कारण आज भारतीय लोग पाश्चात्य सभ्यता का अंधानुकरण करने लगे हैं। जिससे हिंसा, अत्याचार, भ्रष्टाचार और व्यभिचार की ओर समाज उन्मुख होता रहा है। उन्होंने कई महत्वपूर्ण विषयों व भारत के इतिहास पर प्रकाश डाला। समापन से पूर्व दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के कई समाज सुधार के प्रकल्पों को प्रोजेक्टर के माध्यम से मंच पर प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सनातन भारतीय संस्कृति को अभिव्यक्त करते कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस के आते ही खत्म होगी अग्निवीर योजना

ऋषिकेश। कांग्रेस के गढ़वाल लोकसभा प्रभारी एवं प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने राज्य की पांचों सीट पर जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लोगों को मोहभंग हो चुका है। उन्हें देश को बेरोजगारी, मंहगाई और असुरक्षा के सिवाय कुछ नहीं दिया है। मंगलवार को प्रेस क्लब में वार्ता के दौरान विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश की हर सीट पर बेहतर स्थिति में है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में पार्टी के युवा, नारी, किसान, श्रमिक और हिस्सेदारी न्याय से संबंधित वायदों का जिक्र किया। बोले, अग्निवीर योजना से देश युवा पूरी तरह से आक्रोशित है।

लिहाजा, कांग्रेस ने फैसला लिया है कि इंडिया गठबंधन सरकार के अस्तित्व में आते ही इस योजना को फौरन खत्म किया जाएगा। बताया कि जल्द ही कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी पौड़ी में जनसभा करेंगी। इसके अलावा पार्टी के कई शीर्ष नेता भी राज्य में चुनाव प्रचार के लिए आएंगे। कहा कि राज्य से लेकर देश का हर नागरिक मतदान की घड़ी का इंतजार कर रहा है। वोटिंग के दिन वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चार सौ पार के नारे की हवा निकाल देगा।

# गांवों को सशक्त बनाने के लिए शुरू किया टेक्नोलॉजी रिसोर्स सेंटर

देहरादून। तुलाज इंस्टीट्यूट ने उत्तराखंड के गांवों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को तुलाज टेक्नोलॉजी रिसोर्स सेंटर (टीआरसी) का उद्घाटन किया। उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तराखंड सरकार द्वारा वित्तपोषित, टीआरसी का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और छात्रों के बीच तकनीकी कौशल का पोषण करना है। साथ ही राज्य भर में गोद लिए गए गांवों में आजीविका सृजन की आवश्यकता को पूरा करना है। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि यूसर्क की निदेशक प्रो अनीता रावत, तुलाज इंस्टीट्यूट की कार्यकारी निदेशक सिल्की जैन मारवाह, ग्रुप के उपाध्यक्ष रौनक जैन, प्रौद्योगिकी उपाध्यक्ष डॉ राघव गर्ग, निदेशक प्रो संदीप विजय, डीन अकादमिक प्रो निशांत सक्सेना, डीन आर एंड डी डॉ सुनील सेमवाल, समन्वयक आर एंड डी डॉ त्रिपुरेश जोशी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यकारी निदेशक सिल्की जैन मारवाह ने कहा कि टीआरसी रोजगार सृजन के उद्देश्य से प्रशिक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है।

### आंगनबाड़ी केंद्र से चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। गुडरिच स्थित एक आंगनबाड़ी केंद्र का दरवाजा तोड़कर चोरी करने के आरोपी को विकासनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी से चोरी का सिलेंडर भी बरामद कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। कोतवाल राजेश शाह ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अरुणा राणा ने तहरीर देकर बताया कि रविवार को आंगनबाड़ी केंद्र बंद था।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com